लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी






शाहिद कपूर की फिल्म में .....

दो लोगों के बीच होते हैं लड़ाई ...


वर्ष : 11 | अंक : 253 | लखनऊ, 02 सितम्बर, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# जन शिकायतों के यथोचित समाधान में लापरवाही अक्षम्य : सीएम योगी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जन शिकायतों और समस्याओं के समाधान में लापरवाही किसी भी दशा में अक्षम्य है। उन्होंने कहा है कि आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम पर प्राप्त हो रही प्रत्येक जन शिकायत और समस्या का शिकायतकर्ता की दृष्टि से संतुष्टिपरक समाधान होना ही चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है, जनहित सर्वोपरि है। शिकायतकर्ता की संतुष्टि और उसका फीडबैक ही अधिकारियों के प्रदर्शन का वास्तविक पैमाना होगा।

मुख्यमंत्री, रविवार देर रात प्रदेश की कानून-व्यवस्था, आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, आगामी त्यौहारों की तैयारियों, बाढ़ की स्थिति, डेंगू नियंत्रण और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे विषयों पर सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस कप्तानों तथा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि सभी जिलों में एंटी रोमियो स्क्वॉड की गतिविधियां और सक्रिय की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी नवरात्र में ह्यमिशन शक्तिह्न का नया चरण प्रारंभ होगा, जिसके लिए सभी जिलों को अभी से व्यापक तैयारियां कर लेनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त जन शिकायतों की मंडलवार, जनपदवार, तहसीलवार, जोनवार, रेंजवार, जिला पुलिस और थाना स्तर पर रैंकिंग जारी की। संबंधित जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि हर पीड़ित की भावना का सम्मान करते हुए पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मिथ्या अथवा भ्रामक रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई अनिवार्य रूप से होगी। मुख्यमंत्री ने हाल के पर्व-त्योहारों के सकुशल सम्पन्न होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और आगामी बरावफात, अनंत चतुर्दशी व विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत पुलिस-प्रशासन को पहले से अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित जनपदों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राहत कार्यों को और प्रभावी बनाया जाए तथा इनमें जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन अवश्य लिया जाए। बरसात के मौसम में बीमारियों की आशंका को देखते हुए उन्होंने नगर निकायों को जलभराव की तत्काल निकासी व सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का सतत आयोजन करने और सर्पदंश के उपचार हेतु सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। नकली या अधोमानक दवाओं की बिक्री पर गंभीर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में ऐसी एक भी गतिविधि बर्दाश्त नहीं होगी। प्रशासन को सतत चौकसी और कड़ी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खरीफ सीजन के लिए खाद की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के किसी भी किसान को खाद की कमी न हो, आपूर्ति श्रृंखला की सघन निगरानी की जाए और कालाबाजारी या जमाखोरी पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। बैठक में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 06 और 07 सितम्बर को प्रस्तावित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री को बताया गया कि परीक्षा 48 जिलों में बनाए गए 1479 केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 25.31 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

# मुंबई में गणेशोत्सव की धूम, पांचवें दिन 40 हजार से ज्यादा मूर्तियों का विसर्जन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मुंबई, गणेशोत्सव के पांचवें दिन, रविवार को मुंबई में 40,000 से अधिक गणपति प्रतिमाओं का समुद्र, अन्य जल स्रोतों और कृत्रिम तालाबों में विसर्जन देर रात तक किया गया। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि विसर्जन प्रक्रिया के दौरान अब तक शहर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को थी, और उस दिन से शुरू हुआ गणेशोत्सव छह सितंबर को अनंत चतुर्दशी तक चलेगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु डेढ़ दिन, पांचवें दिन और सातवें दिन मूर्तियों का विसर्जन करते हैं। अधिकारियों के अनुसार, रविवार को पांचवे दिन के उत्सव के बाद सोमवार सुबह नौ बजे तक कुल 40,225 मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इनमें 39,037 घरेलू गणपति मूर्तियां, 1,175 सार्वजनिक मंडलों की मूर्तियां और 13 हरतालिका देवी की मूर्तियां शामिल हैं। इससे पहले शुक्रवार को डेढ़ दिन के गणपति विसर्जन के अवसर पर कुल 60,177 मूर्तियों का विसर्जन किया गया था। इनमें से 29,683 मूर्तियां प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी थीं, जबकि 30,494 मूर्तियां पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी से बनाई गई थीं।

महानगरपालिका के अनुसार, गणपति विसर्जन के लिए लगभग 290 कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं, जबकि लगभग 70 प्राकृतिक जल स्रोत जैसे कि समुद्र तट, झीलें और चौपाटियों पर भी विसर्जन की व्यवस्था की गई है। पर्यावरण संरक्षण के तहत बीएमसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियों का विसर्जन घर पर ड्रम या बाल्टी में करें। वहीं, छह फुट से कम ऊंचाई की पीओपी से बनी मूर्तियों का विसर्जन केवल कृत्रिम तालाबों में करने का अनुरोध किया गया है।

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| संसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

# आर्द्रभूमियों का संरक्षण कर रहे वेटलैंड मित्र, बनेंगे आर्द्रभूमि प्रहरी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

पटना। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट के दौर में आर्द्रभूमियों (वेटलैंड) का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार बड़े पैमाने पर आर्द्रभूमियों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए वेटलैंड मित्र मुहीम चलाई है। पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत इस मुहीम के तहत वेटलैंड यानी आर्द्रभूमियों के आसपास रहने वाले लोगों की मदद से उन आर्द्रभूमियों की देखरेख और संरक्षण किया जा रहा है। इन मित्रों की जिम्मेदारी होती है कि वे वेटलैंड की पहचान करें, उनकी साफ-सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करें। साथ ही, प्रवासी पक्षियों के अवैध शिकार पर रोक और पर्यावरणीय पर्यटन को बढ़ावा देने में भी यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है। वैसे जगह जैसे तालाब, झीलें, सिंचाई टैंक और ऐसे इलाके जहां पानी लंबे समय तक ठहरता है, वो वेटलैंड की श्रेणी में आते हैं। ये न केवल जल को शुद्ध करने और मिट्टी को नमी प्रदान करने का काम करते हैं, बल्कि बाढ़ नियंत्रण और जलवायु संतुलन में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इन्हीं कारणों से राज्य सरकार ने आर्द्रभूमियों के संरक्षण के लिए इस नई पहल की शुरूआत की है।

# अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को बताया 'जुगाड़ आयोग'

### पूछा-'वोट चोरी के 17 हजार सबूतों पर क्यों खामोश है EC?'

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) पर निशाना साधा है। बिहार चुनाव से पहले विपक्ष ने पूरी तरह से सरकार और चुनाव आयोग को वोटों की हेराफेरी के मामले में कटघरे में खड़ा कर रखा है। कांग्रेस सहित इंडिया ब्लॉक की पार्टियां सरकार और निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगा रही है लेकिन अभी तक किसी भी आरोप को सिद्ध नहीं कर पायी हैं। अब ताजा हमला अखिलेश यादव ने चुनाव अयोग पर लगाया है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए पूछा है कि जब वह एआई से घपला पकड़ सकता है, तो सपा के 17,986 हलफनामों का जवाब क्यों नहीं दे रहा है। ये हलफनामे कथित तौर पर मतदाता सूची में हेराफेरी और वोट डकैती से संबंधित हैं, जिस पर आयोग की चुप्पी राजनीतिक गलियारों में बहस का विषय बनी हुई है।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को निर्वाचन आयोग को जुगाड़ आयोग करार देते हुए सवाल उठाया कि वह सपा के 17 हजार से अधिक शपथ पत्रों का जवाब क्यों नहीं दे रहा है। सपा प्रमुख यादव ने तंज कसते हुए अपने आधिकारिक ह्लएक्सह्न खाते पर एक पोस्ट में कहा ह्लजब जुगाड़ आयोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से सवा करोड़ रुपये का अपना घपला पकड़ सकता है तो फिर हमारे द्वारा दिये गये 18,000 में से केवल 14 हलफनामों (शपथ पत्र) का जवाब देने के बाद बचे 17986 हलफनामों का जवाब क्यों नहीं दे रहा है?

इस पोस्ट में यादव ने एक समाचार चैनल का वीडियो साझा किया है जिसमें यह दावा किया गया है कि एआई के जरिए पंचायत चुनाव के मद्देनजर सवा करोड़ मतदाता कम किए गए हैं। इसमें यह भी दावा किया गया है कि एआई के जरिए अलग अलग गांवों में डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान हुई है जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा पिछले माह एक प्रेसवार्ता में वोट चोरी और अन्य अनियमितताओं के विपक्ष के आरोपों को गलत बताया गया था।

यादव ने एक्स पर एक अन्य संदेश में कहा था कि सपा ने वोट डकैती के संबंध में 18 हजार शपथ पत्र आयोग को दिये थे, लेकिन कार्रवाई शून्य है। बाद में यादव ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा था भाजपा, चुनाव आयोग, जिलाधिकारी की तिकड़ी अभी तक हमारे द्वारा दिए गए 18 हजार हलफनामों में से सिर्फ 14 का ही जवाब दे पाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में इनकम टैक्स गोलंबर पर बनेगा विश्वस्तरीय पांच सितारा होटल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

पटना, राजधानी पटना के इनकम टैक्स गोलंबर के पास जल्द ही एक आलीशान पांच सितारा होटल अपनी शोभा बढ़ाएगा। सोमवार को सिख हेरिटेज भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडी) और कुमार इंफ्राट्रेड इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच इस बाबत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

#### तीन पांच सितारा होटल बनाने की योजना

पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने कार्यक्रम में बताया कि राज्य सरकार पटना में पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस तीन पांच सितारा होटल बनाने की योजना पर काम कर रही है। पहला होटल, पाटलिपुत्र अशोक की 1.51 एकड़ जमीन पर बनेगा, जिसमें 140 कमरे होंगे। इस शानदार होटल का निर्माण अगले चार वर्षों में पूरा होगा। इसके बाद गांधी मैदान के पास बांकीपुर बस स्टैंड और वीरचंद पटेल पथ पर सुल्तान पैलेस की जमीन पर भी दो और फाइव स्टार होटल बनाए जाएंगे।

#### सुल्तान पैलेस होटल के लिए समिति का गठन

पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि सुल्तान पैलेस की जमीन पर फाइव स्टार होटल निर्माण के लिए कला संस्कृति एवं युवा विभाग की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है, जिसके रिपोर्ट के आधार पर होटल निर्माण किया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि राजगीर में दो और वैशाली में एक फाइव स्टार होटल के निर्माण की प्रक्रिया भी चल रही है। कुमार इंफ्राट्रेड के निदेशक मनीष कुमार ने कहा कि आज से ही बोधगया में आईटीसी होटल ने होटल संचालक का कार्य शुरू किया है।

# राहुल का मोदी सरकार पर बड़ा हमला: 'वोट चोरी पर छोड़ेंगे हाइड्रोजन बम, चेहरा नहीं दिखा पाएंगे PM'

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा को एक आसन्न खुलासे की चेतावनी देते हुए कहा कि वह जल्द ही वोट चोरी के अपने आरोपों पर एक हाइड्रोजन बम छोड़ेंगे, क्योंकि महादेवपुरा के बारे में जो दिखाया गया वह सिर्फ.एक परमाणु बम था। 'मतदाता अधिकार यात्रा' के अंतिम दिन एक सभा को संबोधित करते हुए, गांधी ने भाजपा पर तीखे हमले करते हुए कहा कि महात्मा गांधी की हत्या करने वाली ताकतें अब भारत के संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 16 दिनों तक चलने वाली 'मतदाता अधिकार यात्रा' का उद्देश्य मतदाता अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और कथित ₹वोट चोरी₹ और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं का विरोध करना है। राहुल गांधी ने पटना में कहा कि जिन ताकतों ने महात्मा गांधी की हत्या की,



वही ताकतें डॉ. बीआर अंबेडकर और महात्मा गांधी के संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं। हम उन्हें भारत के संविधान को नष्ट नहीं करने देंगे। यात्रा के दौरान हमें बहुत समर्थन मिला। बिहार का हर युवा, बच्चा हमारे साथ खड़ा था... मैं भाजपा के लोगों से कहना चाहता हूं कि, महादेवपुरा में, हमने परमाणु बम दिखाया था, लेकिन जल्द ही हम हाइड्रोजन बम लेकर आएंगे, भाजपा तैयार हो जाओ।

राहुल ने साफ तौर पर कहा कि उनकी सच्चाई देश को दिखाई जाएगी। मैं बिहार के लोगों का हमारी मदद करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं... मैं आपको गारंटी देता हूं, हाइड्रोजन बम के बाद, नरेंद्र मोदी जी इस देश को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष ने वोट चोरी को अधिकारों, आरक्षण, रोजगार, शिक्षा और लोकतंत्र की चोरी करार दिया। उन्होंने कहा कि हमने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और लोगों को दिखाया। भारत का चुनाव आयोग हमें मतदाता सूची, वीडियोग्राफी नहीं देता... हमने देश के सामने सबूत पेश किए। 'वोट चोरी' का मतलब है हमारे अधिकारों, आरक्षण, रोजगार, शिक्षा और लोकतंत्र की चोरी। वे आपका राशन कार्ड, जमीन छीनकर अडानी और अंबानी को दे देंगे।

# दिल्ली में बाढ़ का अलर्ट!

### हथिनीकुंड से पानी छोड़ने के बाद यमुना खतरे के निशान पर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली सरकार ने बाढ़ की चेतावनी जारी की है। सोमवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जाने की आशंका है। अधिकारियों को निचले इलाकों में गश्त के साथ-साथ कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि चूँकि ओआरबी (दिल्ली ओल्ड रेलवे ब्रिज) का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर सकता है और 206.50 मीटर से अधिक होने की संभावना है, इसलिए जल्द ही केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की एक सलाह जारी होने की उम्मीद है। इसलिए, सभी सेक्टर अधिकारियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखें और संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक कार्रवाई करें, जैसे कि नदी के तटबंधों के भीतर रहने वाले लोगों को चेतावनी दी जाए और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए, दिल्ली सरकार के एक आदेश में कहा गया है। बयान में कहा गया है कि पुलिस और वन एवं वन भूमि संरक्षण विभाग के कर्मचारी दाएं और बाएं सीमांत तटबंधों पर गश्त करेंगे और आवश्यकतानुसार संवेदनशील बिंदुओं, नियामकों/पंपों आदि पर चौबीसों घंटे निगरानी रखेंगे।

# वैष्णो देवी यात्रा 7वें दिन भी निलंबित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



जम्मू-कश्मीर, खराब मौसम और मार्ग पर सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण वैष्णो देवी यात्रा सोमवार को लगातार सातवें दिन स्थगित रही। कटरा स्थित आधार शिविर वीरान पड़ा रहा और कुछ ही तीर्थयात्री यात्रा बहाल होने का इंतजार कर रहे थे। आज सुबह मौसम में थोड़ा सुधार देखा गया, जिससे यात्रा जल्द शुरू होने की उम्मीद जगी है। हालाँकि, अधिकारियों ने कहा कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है और संबंधित एजेंसियों से मंजूरी मिलने के बाद ही आवाजाही की अनुमति दी जाएगी।

इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू का दौरा करने वाले हैं। वह बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे और बाद में राजभवन में बाढ़ की स्थिति पर एक बैठक करेंगे। बुधवार (27 अगस्त) को भूस्खलन और भारी बारिश के कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भूस्खलन के कारणों की जाँच के लिए एक उच्च-स्तरीय तीन-सदस्यीय समिति के गठन का आदेश दिया है।

जम्मू-कश्मीर के जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शालीन काबरा इस समिति के अध्यक्ष होंगे, जिसमें जम्मू के संभागीय आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक शामिल हैं। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, समिति में जम्मू के संभागीय आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक भी शामिल हैं। समिति को विस्तृत जाँच करने और दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट उपराज्यपाल सिन्हा को सौंपने का काम सौंपा गया है, जो श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं।

आदेश में कहा गया है कि समिति घटना के कारणों और कारणों की विस्तार से जाँच करेगी और किसी भी चूक को इंगित करेगी, बचाव और राहत उपायों के रूप में प्रतिक्रियाओं का आकलन करेगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपयुक्त एसओपी और उपाय सुझाएगी। शुक्रवार को, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने 26 अगस्त को प्राकृतिक आपदा में तीर्थयात्रियों के दुखद जीवन पर गहरा दुख व्यक्त किया। एक अधिकारी ने कहा कि इसने भ्रामक मीडिया रिपोर्टों का मुकाबला करने के लिए तथ्यात्मक विवरण स्पष्ट किया।

# करोड़ों छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने लिया ऐतिहासिक संकल्प

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली। एक ऐतिहासिक पहल के तहत अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने आज पूरे देश में पांच लाख से अधिक स्कूलों में हमारा विद्यालय झ हमारा स्वाभिमान अभियान का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में देशभर के लाखों छात्र और लाखों शिक्षक एक साथ पांच सूत्रीय संकल्प पढ़कर शिक्षा, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रनिर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह अभियान ABRSM की व्यापक दृष्टि हमारा विद्यालय - हमारा तीर्थ का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य हर स्कूल में गर्व, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना जगाना है।

दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में अइफरट की राष्ट्रीय महामंत्री गीता भट्ट ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, हमारा विद्यालय झ हमारा स्वाभिमान अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों में गर्व, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों की भावना को प्रोत्साहित करना है। शिक्षा केवल ज्ञान देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का साधन भी है। उन्होंने आगे कहा, इस पांच सूत्रीय संकल्प में स्कूलों को स्वच्छ, अनुशासित और प्रेरणादायक बनाए रखने, स्कूल संसाधनों को राष्ट्रीय संपदा मानने, समानता और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने, शिक्षा को चरित्र निर्माण और समाज सेवा का माध्यम मानने तथा स्कूल को सेवा, मूल्य और उत्कृष्टता का तीर्थ मानने का संदेश दिया गया है।

इस अभियान में कठिन मौसम के बावजूद शिक्षकों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुछ राज्यों, जैसे जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में खराब मौसम के कारण संकल्प नहीं लिया जा सका, जबकि अन्य कई राज्यों में बारिश और कठिन मौसम के बावजूद छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक संकल्प लिया, जो उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

गीता भट्ट ने कहा, कुछ राज्यों में बारिश और कठिन परिस्थितियों के बावजूद छात्रों और शिक्षकों का उत्साह और समर्पण अत्यंत प्रेरणादायक रहा। हर स्कूल को सीखने और सेवा का पवित्र स्थल मानकर हम देशभर में अनुशासन, समानता और समग्र विकास के मूल्यों को मजबूत करना चाहते हैं।

ABRSM के इस ऐतिहासिक अभियान में प्रमुख व्यक्तित्वों और नेताओं ने भी भाग लिया और छात्रों एवं शिक्षकों के साथ बहुभाषी भाषाओं में संकल्प लिया, जिससे भारत की सांस्कृतिक विविधता की झलक देखने को मिली। निजी स्कूलों में भी इस अभियान को व्यापक प्रतिक्रिया मिली, जो इसकी समावेशी प्रकृति को दशार्ता है।

यह राष्ट्रीय संकल्प स्वतंत्र भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी पहल में से एक है, जो यह बताता है कि स्कूल केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्रीय गौरव का आधार हैं। अइफरट ने सभी शिक्षकों और छात्रों से अपील की है कि वे इस पहल को आगे बढ़ाएं और हर स्कूल को मूल्यों, संस्कृति और समग्र विकास का केंद्र बनाएं, ताकि 2047 तक विकसित भारत के विजन में योगदान किया जा सके।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के ईश्वरी खेड़ा गांव में रविवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में युवक अपने घर में बेहोशी की हालत में मिला, जानकारी होने पर आसपास के लोगों ने उसे तत्काल लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, राहुल 25 वर्ष, पिता का नाम गंगाराम निवासी बिन्दौआ, मोहनलाल गंज, लखनऊ, का रहने वाला था। और अपनी ससुराल ईश्वरी खेड़ा, कोतवाली पीजीआई, लखनऊ में रहता था। उसके साथ उसकी पत्नी निधि, एक बच्ची और ससुर बाबूलाल, सास भी रहते थे। घटना रविवार रात करीब 12 बजे की है, राहुल अपने कमरे में बेहोशी की हालत में मिला, जिसे तत्काल एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया जहां से उसे लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सरोजनीनगर विधायक कार्यालय में अनोखा शिविर : बिजली विभाग ने मौके पर सुलझाईं जनता की समस्याएँ

- राजेश्वर सिंह का विधायक कार्यालय बना समाधान केन्द्र, बिजली विभाग के साथ विशेष शिविर

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह हमेशा मानते हैं कि जनप्रतिनिधित्व का अर्थ हर नागरिक की तकलीफ को अपनी ज़िम्मेदारी मानना है। इसी सोच के तहत सोमवार को आशियाना स्थित विधायक कार्यालय पर एक मेगा शिविर विद्युत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी पहुँचे और अपनी वर्षों पुरानी बिजली से जुड़ी परेशानियों को खुलकर साझा किया। कुल 126 व्यक्तिगत शिकायतें सामने आईं, साथ ही किसानों ने अपने फीडरों को 24 घंटे चलाने की गुहार लगाई, नीलमथा के लोगों ने बांस-बल्लियों से निजात दिलाने की मांग की, वहीं सपेरा बस्ती के लोग गलत बिलों की समस्या लेकर पहुँचे। जनता की आवाज को सुनते ही विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बिजली बिलों से जुड़ी दिक़्क़तें एक सप्ताह में और अन्य समस्याएँ अधिकतम एक माह में दूर की जाएंगी।

कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा : बीते तीन सालों में 154 करोड़ रुपये की लागत से 865 विद्युत परियोजनाएँ पूरी कराई गईं। 46 करोड़ से 4 नए उपकेंद्र बने, 3 की क्षमता बढ़ाई गई और 180 नए ट्रांसफार्मर लगाए गए ताकि सरोजनीनगर के किसी भी घर में अंधेरा न रहे और किसी भी परिवार को वोल्टेज की समस्या से जूझना न पड़े। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास परिसर और शारदा नगर विस्तार में 10 करोड़ रुपये से नया उपकेंद्र बना है, जैतीखेड़ा में 9.12 करोड़ से पावर हाउस और 3 फीडर तैयार हुए, जिससे अयोध्यापुरी, स्पर्श पैराडाइज, सुहावा और आसपास की बस्तियों की जिंदगी आसान हुई। डिफेंस कॉरिडोर के लिए 21 करोड़ की लागत से विशेष उपकेंद्र बनाया गया है ताकि उद्योगों और युवाओं के रोजगार पर कभी बिजली संकट न छाए।

डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि, आज प्रदेश की बिजली मांग 31,486 टह पीक लोड तक पहुँची और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में इसे पूरा करना संभव हुआ। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों घरों में जलते दीपक की गवाही है। सौभाग्य योजना के अंतर्गत प्रदेश में 1 करोड़ से अधिक परिवारों को बिजली कनेक्शन देकर एक नई रोशनी का युग शुरू किया गया।

विधायक ने आभार जताते हुए कहा कि बिजली, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग दिन-रात जनता की सेवा में जुटे रहते हैं और इस मेगा शिविर में विभागीय सहयोग के लिए पूरी सरोजनीनगर की जनता की ओर से धन्यवाद। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता नानक चंद लखमानी, मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, रमा शंकर त्रिपाठी, संजय सिंह चौहान, पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, कमलेश सिंह, लवकुश रावत, आशू शुक्ला, सुभाष पासी, के.एन. सिंह, रीना उपाध्याय, राजेंद्र यादव, सुहागवती चौरसिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## इंडिगो एयरलाइंस की गंभीर लापरवाही, चेक-इन के बाद यात्री का नहीं पहुंचा विमान तक सामान

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। लखनऊ से नाइजीरिया जाने वाले यात्री अभिषेक कुमार का चेक-इन किया गया सामान विमान तक नहीं पहुंचा। महिला यात्री सानिया के मुताबिक 28 अगस्त को वह अपने पति अभिषेक कुमार और अपने दो बच्चों के साथ लखनऊ से रात 10 बजे रवाना होकर 11:30 बजे दिल्ली पहुँचने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 6480) से दिल्ली जा रहे थे। दिल्ली से उन्हें नाइजीरिया की कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़नी थी। लेकिन दिल्ली पहुंचने पर पता चला कि उनके दो चेक-इन बैग लखनऊ एयरपोर्ट पर ही छूट गए। तब उन्होंने दिल्ली एयरपोर्ट पर शिकायत की। जिस पर इंडिगो स्टाफ ने आश्वासन दिया कि सामान अगली फ्लाइट से भेज दिया जाएगा। लेकिन वहां अगली फ्लाइट से लगेज नहीं पहुंचा इस पर उन्होंने फिर शिकायत की तब इंडिगो अधिकारियों द्वारा 24 घंटे के भीतर बैग पहुँचाने का आश्वासन दिया गया। बावजूद इसके कई दिन बीत जाने के बाद भी बैग न तो नाइजीरिया पहुंचे और न ही एयरलाइन की ओर से कोई ठोस जानकारी दी गई। सानिया का कहना है कि परेशान होकर कई बार इंडिगो की हेल्पलाइन पर शिकायत करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन नहीं रिसीव हुआ। जिससे अभिषेक कुमार और उनके परिजन लगातार एयरलाइन अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं, यहां तक कि सोशल मीडिया पर भी मदद की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं मिला है। यात्री का कहना है कि जरूरी सामान खो जाने से परिवार बड़ी परेशानी में है। इस घटना ने एयरलाइन प्रबंधन की जिम्मेदारी और यात्री सुविधा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## स्कूल बंद- रेल यातायात प्रभावित, 24 घंटे की बारिश में 13 लोगों की मौत; कई घर डूबे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश के कई जिलों में रविवार से रुक-रुक हो रही बरसात जहां जलभराव को लेकर मुसीबतों का सबब बनी, वहीं अलग-अलग हादसों में 13 लोगों की जान चली गई। इनमें पांच की मौत वज्रपात से हुई।

अन्य मौतें करंट, छत ढहने, पेड़ गिरने और डूबने से हुईं। सुबह पांच घंटे तक मूसलधार बरसात से अलीगढ़ टापू बन गया। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के मकान के सामने पानी भर गया। मेयर प्रशांत सिंघल के घर जाने वाला रास्ता भी पानी में डूबा रहा। डीएम ने स्कूल-कालेजों में अवकाश घोषित कर दिया।

मेरठ में भी कक्षा आठ तक के स्कूलों में दो सितंबर तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। मुरादाबाद जंक्शन के मुख्य रेलवे ट्रैक पर जलभराव के चलते दूसरी लाइन से ट्रेनें रवाना की गईं। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार इस पूरे सप्ताह लखनऊ और आसपास जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीन से छह सितंबर के बीच भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी है। लगातार बारिश से अलीगढ़ शहर के लगभग सभी मुख्य मार्ग, गली-मुहल्ले पानी से लबालब भर गए। अधिकांश शहर में बिजली सप्लाई ठप रही। घुटनों के ऊपर तक भरे पानी में कई दोपहिया व चारपहिया वाहन बंद हो गए। अनेक मकानों व दुकानों में पानी भर गया।

मुरादाबाद मंडल में रविवार देर रात से सोमवार पूरे दिन तक करीब 13 घंटे लगातार हुई बरसात जान-माल हर लिहाज से आफत बनकर बरसी। संभल में माता-पिता संग मंदिर दर्शन कर लौट रही चार वर्षीय बच्ची और जिले में ही एक अन्य हादसे में कांस्टेबल रजनीश कोतवाली से घर लौटते समय बरसात में उफनाए नाले में गिर गए। डूबने से दोनों की मौत हो गई।

मुरादाबाद में बरसात से घर में भरे पानी के बीच करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। दो किशोर बरसात के बीच तालाब में नहाते समय डूबकर मर गए। मेरठ में एक मकान की छत गिरने से वृद्ध की मौत हो गई। वहीं पेड़ गिरने की घटनाओं में दो युवकों की दबकर मौत हो गई। वज्रपात से हरदोई में दो, बहराइच में दो और गोंडा में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

रायबरेली में दो लोग बिजली गिरने से झुलस गए। रायबरेली और अमेठी समेत कई जगह कच्चे मकान ढह गए। अयोध्या, सुलतानपुर, लखीमपुर, बाराबंकी, बलरामपुर, अंबेडकरनगर व श्रावस्ती में भी में रुक रुक कर बारिश होती रही।

कानपुर और आसपास जिलों में भी बारिश हुई। फतेहपुर रविवार की रात से शुरू हुई बारिश सोमवार की सुबह तक जारी रही। यहां तीन मकान ढहने से दंपती मलबे में दबने से चुटहिल हो गए। इटावा में मैनपुरी क्रासिंग पर बने अंडरपास में पानी भरने से इटावा-मैनपुरी और इटावा-आगरा की ओर जाने वाले वाहनों का आवागमन रोका गया। वाहन दूसरे रास्तों से भेजे गए। लगातार बारिश से सभी जगह फसल जलमग्न हो गईं। विशेषज्ञों के अनुसार बरसात गन्ना व धान की फसल के लिए बेहतर बताया जा रहा, लेकिन सब्जियों की उपज के लिए नुकसानदायक है।

## जालसाजों द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कर महिला का प्लाट लिया हड़प

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में जालसाजों द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कर महिला का प्लाट हड़पने का मामला सामने आया है। मूल रूप से हमीरपुर जिले के टिकरौली और वर्तमान में बंथरा के धावापुर स्थित ड्रीम ग्रीन सिटी निवासी पीड़िता उर्मिला गौतम ने पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) से मामले की शिकायत की। जिसके बाद बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता के मुताबिक उन्होंने वर्ष 1998 में स्वप्नलोक कॉलोनी (वर्तमान में विष्णुलोक कॉलोनी) सरोजनी नगर में प्लाट संख्या 210, क्षेत्रफल 3360 वर्गफुट खरीदा था, जिसकी पंजीकृत रजिस्ट्री उपनिबंधक कार्यालय द्वितीय, लखनऊ में दर्ज है। उर्मिला का आरोप है कि जून 2025 में लवकेश अस्थाना नामक व्यक्ति ने प्लाट खरीदने के लिए संपर्क किया। उसने आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और रजिस्ट्री की फोटो कॉपी मांगी। दस्तावेज देने के बाद उसने तय कीमत का भुगतान नहीं किया और न ही रजिस्ट्री कराई। इसके बाद 23 जुलाई को अस्थाना के पुत्र ने पीड़िता को व्हाट्सएप पर एक रजिस्ट्री भेजी, जिसमें दिखाया गया कि 9 जुलाई को कोई महिला, उर्मिला गौतम बनकर, प्लाट की रजिस्ट्री जालौन जिले के उरई स्थित बडेरा निवासी सुरेश गौतम पुत्र रामप्रकाश गौतम के नाम करा चुकी है। पीड़िता का कहना है कि उस रजिस्ट्री में फोटो, हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान उनके नहीं हैं। उर्मिला का कहना है कि वह 9 जुलाई को उपनिबंधक कार्यालय गई ही नहीं और न ही किसी सुरेश गौतम नामक व्यक्ति से उनका कोई लेनदेन हुआ है। आरोप है कि अस्थाना व उसके पुत्र की मिलीभगत से यह धोखाधड़ी की गई। यह जानकारी होने के बाद पीड़िता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करने के साथ सरोजनी नगर उपनिबंधक व तहसील प्रशासन से फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर दाखिल-खारिज पर रोक लगाने की मांग की। फिलहाल बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्मार्ट मीटर कंपनियों की मनमानी से बिजली विभाग को करोड़ों की चपत, एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने में कंपनियां मनमानी कर रही हैं। नया मामला जो सामने आया है उसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही कंपनी ने अपनी मनमानी में बिजली विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने का काम किया है। उपभोक्ता परिसर से उतारे जा रहे पुराने मीटरों की रीडिंग शून्य कर देने के सामने संज्ञान में आए हैं। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगा रही कंपनी पोलारिस के खिलाफ के खिलाफ सीतापुर जिले में एफआईआर दर्ज कराया गया है। गोंडा में भी एफआईआर दर्ज कराने से पहले नोटिस भेजा गया है।

पूरे प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेट मीडर लगाने का टेंडर चार कंपनियों को मिला है। इन कंपनियों ने अब तक करीब 35 लाख उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगा दिए हैं। स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में मनमानी करने के साथ ही इन मीटरों में भार जंपिंग और तेज चलने की शिकायतें आ रही हैं।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया है कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा पोलारिस कंपनी के साथ ही कंपनी के स्टेट हेड व अन्य कार्मिकों के खिलाफ सीतापुर जिले में एफआइआर दर्ज कराया गया है। पोलारिस ने बिजली विभाग को भारी नुकसान पहुंचा दिया है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के दौरान कंपनी ने पुराने मीटर उतारे लेकिन इन मीटरों का पूरा हिसाब जीरो कर दिया। बड़ी संख्या में पुराने मीटर विभाग को मिले भी नहीं।

सीतापुर में 443 पुराने मीटर विद्युत परीक्षण खंड को उपलब्ध नहीं कराए गए। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं के मासिक बिल जारी नहीं किए जा सके। कंपनी ने गोंडा जिले में पुराने मीटर उतारे और सीलिंग सर्टिफिकेट में पुराने मीटरों की रीडिंग जीरो भर दी। गोंडा में दो मामलों में 4270 नग पुराने मीटर कंपनी ने विभाग को वापस नहीं किए हैं। गोंडा के मुख्य अभियंता ने एफआइआर कराने के निर्देश दिए हैं। इस लापरवाही के कारण बिजली विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। उन्होंने कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर का कोई लेखा जोखा विभाग को नहीं मिल रहा है जिससे उपभोक्ताओं को नया मीटर लगने के बाद भी बिजली का बिल नहीं मिल रहा है। अवधेश वर्मा ने कहा है कि पावर कारपोरेशन प्रबंधन स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अच्छे होने का ढिंढोरा पीट रहा है, जबकि ये मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को बिल तक नहीं मिल रहे हैं।

## कार में बिठाकर महिला के जेवरात और नकदी छीनने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। संडीला जाने के लिये एक प्राईवेट वाहन पर बैठकर संडीला जा रही महिला को कार सवार तीन लोगों ने मारा पीटा और उसके सोने चांदी के जेवरात व 12 हजार रुपए नकदी छीन ली और मलिहाबाद के सरावां गांव के पास गाडी से धकेलकर कार सवार भाग निकले। पीडिता ने मलिहाबाद पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है।

हरदोई जनपद के संडीला के मलेहरा पूर्व बाग निवासी गीता ने बताया कि वह गोमतीनगर इलाके मे लाण्ड्री का काम करती है। सोमवार दोपहर को वह लखनऊ से गांव जाने के लिये सीतापुर बाईपास पर खडी थी। उसी दौरान एक कार चालक ने संडीला हरदोई की आवाज लगाई। तब गीता चालक के पास पहुँची और किराया 50 रूपया तय होने के बाद वह गाडी मे बैठ गई। गाडी मे चालक के अलावा एक व्यक्ति व एक महिला बैठे थे। आरोप है कि गाडी थोडी आगे बढने पर तीनों ने गीता के साथ हाँथापाई शुरू कर दी और रास्ते मे उसके गले मे पहने सोने की चेन, कान के टाप्स, झोले मे रखी सोने की दो चेन व 12000 की नगदी छीन ली। रास्ते भर हाँथापाई करते हुये मलिहाबाद पहुंचे और मंडी से पहले सरावां

के पास गाडी से धकेलकर मौके से भाग निकले। बेसुध हालत से उबरने के बाद पीडिता मलिहाबाद थाने पहुँची और तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से वाहन की तलाश की जा रही है।

## एमबीबीएस प्रवेश मामले में सरकार का जवाब दाखिल, पुनर्विचार की अपील; 3 सितंबर को हाई कोर्ट में सुनवाई

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। राजकीय मेडिकल कालेज कन्नौज, सहारनपुर, अंबेडकर नगर और जालौन में एमबीबीएस प्रवेश को रद करने के मामले में सरकार ने सोमवार को हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में पुनर्विचार की अपील की है। हाई कोर्ट मंगलवार को इस मामले की सुनवाई करेगा। इसके बाद ही यूपी नीट यूजी 2025 काउंसिलिंग प्रक्रिया और चारों राजकीय मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस प्रवेश प्रक्रिया का भविष्य तय हो पाएगा।

हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के चार मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस प्रवेश को रद करके नए सिरे से सीटें भरने का आदेश आने के बाद सरकार ने सोमवार को अपना जवाब दाखिल किया है। सरकार की तरफ से एडवोकेट जेएन माथुर ने पक्ष रखा। अब इस पर मंगलवार को सुनवाई होगी। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह का कहना है कि हाई कोर्ट में विशेष अपील की गई है। कोशिश की जा रही है कि काउंसिलिंग प्रक्रिया जारी रहे। गौरतलब है कि यूपी नीट यूजी 2025 की काउंसिलिंग का पहला चक्र पूरा होने के बाद साबरा अहमद ने हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में कन्नौज, सहारनपुर, जालौन और अंबेडकर नगर मेडिकल कालेजों की आरक्षण व्यवस्था को याचिका के माध्यम से चुनौती दी थी। इस पर न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने इन कालेजों में पहले चक्र की काउंसलिंग से हुए एमबीबीएस के प्रवेश को रद कर दिया था। कोर्ट का आदेश था कि चारों कालेजों में हुए प्रवेश रद करते हुए फिर से आरक्षण अधिनियम 2006 के अनुसार एमबीबीएस की सीटों को भरा जाए। याचिकाकर्ता साबरा अहमद को यूपी नीट यूजी 2025 में 523 अंक मिले हैं और उसकी आल इंडिया रैंक 29061 है। उनका पक्ष एडवोकेट मोतीलाल यादव रख रहे हैं।

## राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य बनेंगे क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, हर मंडल में होगा ऑफिस

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय की उपयोगिता है। अभी आठ मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय संचालित हो रहे हैं। जल्द ही शेष 10 मंडलों में भी ये कार्यालय खोले जाएंगे। शासनादेश के अनुसार, इन 10 नए कार्यालयों में संबंधित मंडल के राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को स्थानांतरित कर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। इन 10 मंडलों में अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, विन्ध्याचल, मुरादाबाद और सहारनपुर शामिल हैं। सभी क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक लेखाधिकारी के पद वित्त विभाग के जरिये और कनिष्ठ सहायक के पद उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा सीधी भर्ती से भरे जाएंगे। सभी मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय खुलने के बाद शिक्षक को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दूसरे मंडलों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा। क्षेत्रीय स्तर पर कार्यालय खुलने से कॉलेजों की नियमित निगरानी होगी, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। कालेज के प्राचार्य और शिक्षक सीधे अपने मंडल के अधिकारी से संवाद कर सकेंगे। छात्रहित में भी इसकी उपयोगिता रहेगी। छात्रवृत्ति, प्रवेश, परीक्षा या अन्य प्रशासनिक समस्याओं का निस्तारण तेजी से होगा। उच्च शिक्षा विभाग का मानना है कि इस कदम से प्रदेश में उच्च शिक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और छात्र हितैषी बनाया जा सकेगा।

## चोरों का आतंक लगातार जारी, बाइक शोरूम से लाखों की चोरी

अमन लेखनी समाचार



खिड़की के जरिए दाखिल हुए चोर

लखनऊ। बेखौफ चोरों के हौसले इन दिनों इतने बुलंद हैं कि आये दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे, चोरों को नही रहा पुलिस का भय चोर लगातार एक के बाद एक चोरी की घटना को आसानी से अंजाम देकर फरार हो जाते हैं।

बीती रात बेखौफ चोरों ने माल कस्बे से असलम ऑटो केयर हीरो बाइक शोरूम में चोरों ने खिड़की की सरिया तिरछी कर उसी के सहारे उसमें दाखिल होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। हालांकि अंदर से चोरों ने तीन लाख पचास पांच सौ रुपए की नगदी सहित सीसीटीवी का डीवीआर उखाड़ कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व डॉग स्क्वाड की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों की तलाश में जुट गई है। माल कस्बा निवासी शोरूम संचालक मोहम्मद असलम ने बताया कि जब वह सुबह शोरूम पहुंचे, तो देखा कि गल्ले से नकदी गायब थी। संदेह होने पर उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक करने पहुंचे तो देख की उसमें लगा डीवीआर भी गायब था पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। माल इलाके में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। जिससे पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठना शुरू हो गए हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## चलती कार में लगी आग, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन कॉलोनी में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब चलती कार अचानक धधक उठी। सेक्टर-23 वृंदावन निवासी सुधीर अग्रवाल पुत्र ओम प्रकाश वर्मा अपनी कार (वढ32 छफ 5066) से बंगला बाजार जा रहे थे। रास्ते में अचानक कार के बोनट से धुआं उठने लगा। कुछ ही देर में पूरी कार आग की लपटों से घिर गई। घटना से सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। चालक ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए कार रोक दी और बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों ने मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते चालक सुरक्षित बाहर निकल आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

## लखनऊ के झलकारी बाई अस्पताल में मिलेगा अब स्वच्छ पानी, नगर निगम ने ली जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। झलकारी बाई महिला अस्पताल में लंबे समय से पेयजल व पानी की स्वच्छता को लेकर हो रही समस्या अब खत्म होने की उम्मीद है। अब तक अस्पताल प्रबंधन को ही अपने स्तर से पानी का इंतजाम करना पड़ता था। नीचे से मेट्रो निकलने के कारण बोरिंग भी नहीं हो पा रही थी। कई बार मरीजों और उनके परिजनों को पीने के पानी की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें करनी पड़ती थीं। अब नगर निगम ने यह जिम्मेदारी अपने हाथ में ले ली है। नगर निगम की ओर से प्रतिदिन पानी दिया जाएगा। नियमित टीम अस्पताल परिसर में पहुंचकर समय-समय पर पानी की टंकियों की सफाई और क्लोरीन मिलाने का काम करेगी। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इस पहल से मरीजों को स्वच्छ पानी मिल सकेगा और संक्रमण की आशंका भी काफी हद तक कम होगी। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पानी की समस्या कई दिनों से बनी हुई थी। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होना मरीजों के स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं और नवजात आते हैं। यदि उन्हें शुद्ध पानी मिले तो संक्रमण से बचाव संभव होगा। नगर निगम की यह पहल निश्चित तौर पर राहत देने वाली है।

## यूपी में गंभीर रोगों से ग्रस्त बंदियों की आसानी से हो सकेगी समय पूर्व रिहाई

लखनऊ। सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों के अनुरूप प्रदेश में जल्द बंदियों की समयपूर्व रिहाई के लिए स्थायी नीति होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की समयपूर्व रिहाई से जुड़े नियमों को और अधिक सरल, स्पष्ट व मानवीय दृष्टिकोण से परिभाषित किए जाने का निर्देश दिया है। कारागार प्रशासन व सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में योगी ने कहा कि प्रदेश की नीति अधिक पारदर्शी व प्रभावी होनी चाहिए। कहा कि पात्र बंदियों की रिहाई तय प्रक्रिया के तहत खुद-ब-खुद होनी चाहिए। इसक लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े। यह भी कहा कि हत्या, आतंकवाद, देशद्रोह, महिला व बच्चों के विरुद्ध जघन्य अपराध जैसे मामलों में दोषियों की रिहाई कतई नहीं की जानी चाहिए।

## सम्पादकीय

# भारतीय अर्थव्यवस्था ने 'डेड' कहने वालों को दिया जवाब

दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था ने डेड कहने वालों को एक बार फिर जोरदार तमाचा लगाया है। सभी अनुमानों को पछाड़ते हुए भारत की जीडीपी 7.8% बढ़ी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही। यह पिछली पांच तिमाहियों में सबसे ज्यारदा है। अर्थशास्त्रियों के एक ईटी पोल ने पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.3 प्रतिशत से 7 के बीच रहने का अनुमान लगाया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने 6.5% का अनुमान लगाया था, लेकिन तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था ने सभी अनुमानों को झटका दे दिया। असल में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 52 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जिससे विकास को बढ़ावा मिला। जीएसटी को तर्कसंगत बनाने, आरबीआई की ओर से ब्याज दरों में कटौती और अनुकूल मानसून से आने वाली तिमाहियों में खपत को समर्थन मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। तय है कि अगले कुछ महीनों में अर्थव्यवस्था को और भी तेज रफ्तार मिलेगी। यह उनके लिए सबसे बड़ा झटका होगा जो भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड बता रहे थे। यह कथन सिर्फ ट्रंप की अज्ञानता की निशानी भर था। भारत डेड इकॉनमी तो कहीं से नहीं है बल्कि वह वर्तमान में वैश्विक अर्थव्यवस्था में रफ्तार का इंजन है। यह विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसका आकार लगभग 4 ट्रिलियन है। जल्द ही यह जर्मनी को पीछे छोड़ कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। वर्तमान में सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है और बीते 10 वर्षों से लगातार इसकी गति बढ़ रही है। वर्ष 2015-25 के बीच भारत की औसत जीडीपी वृद्धि दर 6%-6.5% रही है। जबकि इस बीच भारत ने कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और दूसरे वैश्विक संकट झेले। भारत के मुकाबले चीन इस दौरान 6% या उससे नीचे की ही रफ्तार से बढ़ा है। भारत वर्तमान में वैश्विक जीडीपी वृद्धि में 17 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। यह आगे चलकर इसके 20 होने का अनुमान है। भारत इसी के चलते वैश्विक ग्रोथ का इंजन बना हुआ है। उसकी अर्थव्यवस्था का आकार 2015-25 में 105 फीसदी बढ़ा है, जो पूरी दुनिया को हैरान करने वाला है। जिस भारत को डोनाल्ड ट्रंप डेड इकॉनमी बता रहे हैं, वह वर्तमान में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत की आबादी 140 करोड़ से ज्यादा है। यह अभी और बढ़ेगी। वर्तमान में भारत का मध्यम वर्ग लगभग 60 करोड़ है। यह मध्यम वर्ग 2047 तक 100 करोड़ पहुंचने के आसार हैं। यही मध्यम वर्ग वर्ष 2030-2031 तक लगभग 2.7 ट्रिलियन डॉलर की खपत करेगा। ऐसे में विश्व की कम्पनियों का धंधा भी चीन के अलावा भारत के ही भरोसे होगा। इतना बड़ा मध्यम वर्ग उसे और कहीं नहीं मिलेगा। भारत सिर्फ बड़ा बाजार ही नहीं है बल्कि बहुत ऐसी ऐसी चीजों की फैक्ट्री भी है, जिन पर विश्व निर्भर है। भारत विश्व में जेनेरिक दवाइयों का सबसे बड़ा सप्लायर है। अमेरिका भी वर्तमान में भारत निर्मित जेनेरिक दवाओं पर निर्भर है। भारत का फार्मा एक्सपोर्ट वर्ष 2030 तक 5.5 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसके अलावा भारत भले ही कच्चे तेल का बड़ा उत्पादक ना हो लेकिन वह तेल की रिफाइनरी के मामले में बहुत आगे है। भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा तेल रिफाइन करने वाला देश है। इसके अलावा गाड़ियां, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक समेत बाकी कई वस्तुओं का भारत बड़ा सप्लायर है। इतना सब होने के बाद भी कोई इसे डेड इकॉनमी कहे तो इसे पागलपन के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता।

# मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

नेशनल मेडिकल कमिशन 'एनएमसी' के प्रमुख ने हाल ही में उम्मीद जताया है कि चालू शैक्षणिक सत्र में देश में मेडिकल शिक्षा के आठ हजार स्नातक और स्नातकोत्तर सीटें बढ़ सकती है। वर्तमान में देश के मेडिकल कॉलेजों एमबीबीएस की 1,18,098 सीटें हैं जिसमें 59,782 सीटें सरकारी तथा 58, 316 प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में है। इसी प्रकार पोस्ट ग्रेजुएशन की 53,960 सीटें हैं जिसमें 30,029 सरकारी और 23,931 निजी संस्थानों में है। आशाजनक यह कि बीते 10 सालों में मेडिकल की सीटों में दोगुनी से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है साल 2015 में 56,908 एमबीबीएस की सीटें थीं। केंद्र सरकार ने इस साल के बजट में चालू साल में मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ाने की घोषणा की है। गौरतलब है कि साल 2011 में जहां 314 मेडिकल कॉलेज थे वहीं 2025 में यह संख्या 780 तक पहुंचने की संभावना है जो वैश्विक सूची के लिहाज से शीर्ष क्रम पर होगा जबकि ब्राजील 389 मेडिकल कॉलेज के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत जैसे कमजोर अर्थव्यवस्था और विशाल जनसंख्या वाले देश में सरकारों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया बहुत बड़ी चुनौती है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य सेवाओं के केंद्र में डॉक्टर ही होता है लेकिन भारत में मेडिकल कॉलेजों की कमी के चलते दुर्गम ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में डॉक्टरों की किल्लत दशकों से बनी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में देश में 13.86 लाख रजिस्टर्ड एलोपैथी डॉक्टर हैं जिसमें 80 फीसदी चिकित्सक पेशे में सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन 'इब्ल्यूएचओ' द्वारा तय जनसंख्या- डॉक्टर के मुताबिक 1000 आबादी पर एक डॉक्टर की उपलब्धता निर्धारित है जबकि वर्तमान में यह अनुपात 1800 आबादी में एक डॉक्टर का है। इस लिहाज से भारत को साल 2030 तक 20.7 लाख डॉक्टरों की जरूरत होगी। दूसरी ओर संसद के बीते मानसून सत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने बताया है कि यदि देश में पंजीकृत एलोपैथी और आयुष चिकित्सकों के आंकड़े को देखें तो देश में 811 आबादी पर एक चिकित्सक की उपलब्धता होने का अनुमान है जो इब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानक से बेहतर है।

देश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और चिकित्सकों की कमी को ध्यान में रखते हुए बीते 10 वर्षों के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा हर जिले में न्यूनतम एक मेडिकल कॉलेज खोलने की कवायद की जा रही है जो समयोचित कदम है। सरकार के मंशानुरूप एनएमसी ने नये मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जरूरी आवश्यक मापदंडों जैसे जमीन, अधोभूत संरचना, मानव संसाधन सहित अन्य में रियायत भी दी गई है। एक दशक पहले मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया 'एमसीआई' के दौर में कौंसिल के सख्त मापदंडों के चलते मेडिकल कॉलेज खोलना टेढ़ी खीर थी। इधर एनएमसी के रियायत और सरकार के प्रोत्साहन के चलते विभिन्न राज्य सरकारों तथा निजी प्रबंधनों में मेडिकल कॉलेज खोलने की होड़ मची हुई है। आलम यह है कि " कहीं का ईंट, कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा" की तर्ज पर सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं जहां शिक्षकों से लेकर जरूरी संसाधन अस्थाई तौर पर जुगाड़ा जा रहा है। इस होड़ के चलते सबसे बड़ी चुनौती इन मेडिकल कॉलेजों के शिक्षा की गुणवत्ता की है।

बीते कुछ सालों के दौरान खुले मेडिकल कॉलेजों की बात करें तो अधिकांश कॉलेजों में मेडिकल टीचर्स खासकर हायर फैकल्टी यानि प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर की भारी कमी है वहीं संबद्ध अस्पतालों में मरीजों का टोटा है।अनेक कॉलेजों में हास्टल, लायब्रेरी, क्लासरूम, फर्नीचर, प्रायोगिक अध्ययन हेतु उपकरण और रिएजेंट की कमी है तो अस्पतालों में प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ, बिस्तर, इमरजेंसी वार्ड, नैदानिक उपकरणों का आभाव है। खबरों के मुताबिक छत्तीसगढ़ के 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों और चिकित्सकों के 48 फीसदी पद खाली हैं। उल्लेखनीय है कि मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता हमेशा से ही नियामक संस्थाओं से लेकर सरकारों के लिए संवेदनशील मुद्दा रहा है क्योंकि यह जनस्वास्थ्य के साथ चिकित्सा अनुसंधान क्षेत्र से जुड़ा मसला है। मेडिकल शिक्षा में छात्रों के लिए जितनी आवश्यकता विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के शिक्षण का है उतनी ही अनिवार्यता अस्पतालों में क्लीनिकल ट्रेनिंग की है। इन परिस्थितियों में यदि कॉलेजों में वरिष्ठ शिक्षकों की कमी हो और अस्पतालों में मरीज तथा जरूरी संसाधनों का टोटा हो तब इसका असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ना लाजिमी है। मेडिकल कॉलेजों में मानव संसाधन से लेकर अन्य संसाधनों के अभाव का खामियाजा भावी डॉक्टरों को ही



उठाना पड़ेगा जिसका असर उनके ज्ञान कौशल और दक्षता पर पड़ना लाजिमी है।

उपरोक्त परिस्थितियों में सरकार और एनएमसी से अपेक्षा है कि वह नये मेडिकल कॉलेज खोलने की अनुमति देने के पहले आवश्यक संसाधन और अधोसंरचना की उपलब्धता की पड़ताल सख्ती से करे। देश में नए मेडिकल कॉलेज अथवा पीजी कोर्सेज खोलने तथा सीटों में बढ़ोतरी के लिए निजी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा एमसीआई या एनएमसी के निरीक्षण दल को भारी रिश्वत देने का मामला लगातार उजागर होते रहे हैं। इसी साल जुलाई महीने में सीबीआई ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज सहित मध्यप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और दिल्ली के 40 मेडिकल कॉलेजों में छापेमारी कर मान्यता के बदले नेशनल मेडिकल कमीशन यानि 'एनएमसी' के निरीक्षण टीम को रिश्वत लेने और देने के आरोप में 3 निरीक्षकों सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। लगभग 1300 करोड़ रुपए के घोटाले के इस मामले में देश के 35 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। अलबत्ता संसाधन विहीन मेडिकल कॉलेजों के मान्यता के लिए निरीक्षण के दौरान कॉलेज प्रबंधन द्वारा टीचिंग के लिए घोस्ट फैकल्टी यानि कागज पर शिक्षक तथा अस्पतालों में नकली मरीज भर्ती करने का सिलसिला काफी दिनों से जारी है। साल 2010 में मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया 'एमसीआई' के अध्यक्ष डॉ केतन देसाई पर एक मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के ऐवज में 20 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगा था। जांच के दौरान डॉ. देसाई से डेढ़ किलो सोना और अस्सी किलो चांदी तथा कई आलिशान घर भी मिला था जो घोटाले से हासिल किया गया था।

बहरहाल स्वास्थ्य ही किसी राष्ट्र और समाज के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विकास का बुनियाद होता है लेकिन भारत में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था सदैव ही दयनीय रहा है। सरकार द्वारा इस क्षेत्र को कम बजट आबंटन के चलते देश में सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या कम थी लेकिन निजी मेडिकल कॉलेज के खूब फले- फूले हैं। हमारी सामाजिक पृष्ठभूमि में डॉक्टरी आज भी सबसे प्रतिष्ठित पेशा है जिसके चलते देश में स्वास्थ्य सेवा का बाजार लगातार गुलजार रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों ने सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों के असंतुलन को दूर करने के लिए ही सरकारी कॉलेज खोलने की दिशा में कदम बढ़ाया है फलस्वरूप कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों का डॉक्टर बनने का सपना पूरा हो रहा है। विचारणीय है कि भारतीय डॉक्टर सिर्फ स्वदेश में ही नहीं बल्कि सात समंदर पार विदेशों में भी अपनी मेधा और दक्षता का लोहा मनवा रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा के बाजार की बात करें तो भारत दुनिया के लिए सबसे बड़ा मेडिकल टूरिज्म का क्षेत्र बन रहा है जहां विदेशों से बड़ी संख्या में लोग उपचार के लिए आ रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक देश में मेडिकल टूरिज्म का बाजार 12.3 फीसदी की दर से बढ़ रही है वर्तमान में यह बाजार 18.2 डॉलर की है जो साल 2035 में 18.2 डॉलर पहुंचने की उम्मीद है। बिलाशक भविष्य में भारत पूरी दुनिया के लिए मेडिकल हब बन सकता है लिहाजा यह आवश्यक है कि मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता बरकरार रखने की दिशा में सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करे और इस क्षेत्र में जारी विसंगतियों को दूर करे आखिरकार यह देश के [illegible]

लेख [illegible]

## डिजिटल लाइब्रेरी

संदीप भूषण



# युवाओं को डिजिटल संसाधनों के माध्यम से जोड़ने की पहल

फिक्शन और फंतासी की दुनिया में आज धूमकेतु की तरह चमक रही अमेरिकी लेखिका सारा जेनेट मास की प्रसिद्ध कृतियों में 2012 में आईं 'थ्रोन ऑफ ग्लास' सीरीज की किताबें हैं। इसमें वे एक जगह पुस्तकालयों की चर्चा करती हैं। वे कहती हैं कि पुस्तकालय विचारों से भरे रहे हैं, शायद सभी हथियारों में सबसे खतरनाक और शक्तिशाली। यहां हथियार शब्द का इस्तेमाल उन्होंने विचार या मानवीय बुद्धिमत्ता के लिए किया है। सारा के शब्दों को सामने रखते हुए डिजिटल दौर में पुस्तकालयों की जरूरत और भूमिका पर बात करें तो कई रोचक और सराहनीय तथ्य सामने आते हैं। आज सबसे बड़ी चुनौती विचार और ज्ञान को पुराने पड़े पीले पन्नों से उठाकर डिजिटलाइज करने की है। अच्छा लगता है यह जानकर कि यह विवेक आज बिहार जैसे प्रदेश में दिखलाई पड़ रहा है, जहां के समाज और सरकार को लेकर एक खास तरह के पूर्वाग्रह से हम ग्रसित रहे हैं। बिहार सरकार ने इसी दिशा में 'मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना' के नाम से एक बड़ा और दूरदर्शी प्रयास किया है। यह योजना बच्चों और युवाओं को डिजिटल संसाधनों के माध्यम से जोड़ने की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो बिहार के हर कोने में शिक्षा के नए साधन उपलब्ध करा रही है। बिहार के दूरदराज के इलाकों में पढ़ाई के संसाधन सीमित रहे हैं, इस कमी के कारण कई युवाओं के सपने उड़ान भरने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। पर यह स्थिति अब बदल रही है। खासतौर पर जब से डिजिटल लाइब्रेरी की नींव पड़ी है, तब से यह कहीं अधिक सुलभ, समेकित और समकालीन शिक्षा का स्रोत बन गई है। अब हर विधानसभा क्षेत्र, पंचायत और कॉलेज में ऐसे केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं जहां विद्यार्थी ऑनलाइन कोर्स, ई-बुक्स और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए जरूरी सामग्री पा सकते हैं। बिहार सरकार ने इसके लिए 94 करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत कर इस योजना को एक सशक्त राशि के साथ लॉन्च किया है जिसे देखकर शिक्षा के प्रति उनकी गंभीर प्रतिबद्धता झलकती है। तकनीक के सहारे यह योजना युवा पीढ़ी को सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें करियर की बेहतर संभावनाओं के लिए तैयार भी करती है। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र में कम से कम दस कंप्यूटर के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट और पर्याप्त बैठने की जगह होगी। ऐसे केंद्रों की उपस्थिति से छात्र न केवल अपने स्कूल या कॉलेज के कोर्स ऑनलाइन पढ़ सकेंगे, बल्कि जीईई, नीट, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। साथ ही रोजगार संबंधी ऑनलाइन कोर्स, सरकारी व निजी रोजगार पोर्टल की जानकारी भी मिलेगी, जो युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है। डिजिटल लाइब्रेरी केंद्रों में आधुनिक सुविधा का पूरा इंतजाम है। बिजली, पानी, प्रिंटर, स्कैनर, समाचार पत्र और तकनीकी सहायता से लैस ये केंद्र विद्यार्थियों को एक पूर्ण वातावरण उपलब्ध कराते हैं। पटना में जहां एक मॉडल लाइब्रेरी केंद्र में 60 कंप्यूटर होंगे, वहीं अन्य क्षेत्रीय केंद्रों में भी 50 कंप्यूटर की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है। अपनी जगह न होने पर पंचायत स्थानीय भवन को 1 रुपये के सालाना किराए पर लेकर लाइब्रेरी चला सकती है। इस तरह यह पहल जितनी आर्थिक रूप से सशक्त है, उतनी ही व्यावहारिक और सभी के लिए उपलब्ध है। गांव-गांव तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए "जीविका दीदी" मॉडल को अपनाया गया है। 7,953 से अधिक नए डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र खोलकर सरकारी प्रयासों ने युवाओं को हाथ थामने का प्रस्ताव रखा है। स्थानीय महिलाओं और समूहों को लाइब्रेरी संचालन में अवसर दिया जाना समाज के लिए भी संरचनात्मक बदलाव लाएगा। जिस तकनीकी क्रांति की बात हम आज करते हैं, इस योजना ने उसे गांव-गांव तक पहुंचाकर शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव की शुरुआत की है। युवा पीढ़ी आज की बदलती दुनिया के लिए जरूरी डिजिटल कौशल सीखने के लिए इस योजना का बड़ा फायदा लेगी। कंप्यूटर की मूल बातें सीखना, ऑनलाइन जानकारी जुटाना, जॉब पोर्टल पर आवेदन करना और डिजिटल माध्यम से करियर की योजना बनाना अब वास्तविकता का हिस्सा बन गए हैं।

# सुख की चाह के लिए तप की साधना जरूरी है



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (01-07 सितम्बर) पर विशेष

# सुपोषित बनें और स्वस्थ व समृद्ध भारत का निर्माण करें

### सही खानपान व जीवन शैली में बदलाव लाए जीवन में मुस्कान



लेखक: मुकेश शर्मा

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

सुपोषित समाज ही स्वस्थ और समृद्ध भारत की बुनियाद को मजबूत बना सकता है। सुपोषण के लिए जरूरी है कि परिवार के हर व्यक्ति को सही और संतुलित आहार मिले। इसके साथ जीवन शैली को संयमित रखना भी बहुत जरूरी है। इसके प्रति समुदाय को जागरूक बनाने के लिए ही हर साल एक से सात सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है, जिसका मकसद स्वस्थ भोजन और संयमित जीवन शैली को हर आयु वर्ग में बढ़ावा देना है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस साल इस सप्ताह की थीम-ह्लबेहतर जीवन के लिए सही भोजनह्व तय की गयी है। पोषण सप्ताह की पहल देश में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी थी, जिसके तहत सप्ताह भर समुदाय में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सुपोषण के प्रति जागरूकता की अलख जगाई जाती है।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के दौरान समुदाय को स्थानीय खाद्य पदार्थों के बारे में भी जागरूक बनाना जरूरी है कि उनके खेतों और आस-पास मौजूद बहुत से अन्न, फल और सब्जियां किस तरह से पोषक तत्वों से भरपूर हैं। यह खाद्य पदार्थ कम कीमत और आसानी से उपलब्ध भी हैं, बस जरूरत है उनको अपनाने की क्योंकि सुपोषण का मतलब सिर्फ भरपेट भोजन से नहीं है बल्कि उसमें शामिल पोषक खाद्य तत्वों से है। शरीर को भरपूर ऊर्जा के लिए जहाँ काबोर्हाइड्रेट की जरूरत है वहीं मांसपेशियों की सलामती और वृद्धि के लिए प्रोटीन की भी पर्याप्त जरूरत शरीर को होती है। इसी तरह वसा, विटामिन, खनिज और पानी की भी आवश्यकता शरीर को होती है। यह जरूरत हर आयु वर्ग के लोगों को होती है। इन पोषक तत्वों के लिए मौसमी फलों और सब्जियों को प्राथमिकता देने की जरूरत है।

सरकार द्वारा लोगों को सुपोषित बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं, जैसे गर्भावस्था में सही खानपान के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शुरू की गयी है, जिसके तहत सीधे बैंक खाते में एक निर्धारित राशि भेजी जाती है। स्कूलों में बच्चों के लिए मिड डे मील की व्यवस्था की गयी है। बच्चों में सही पोषण की आदत शुरू से ही विकसित करने के लिए स्कूलों में पोषण वाटिका बनायीं गयी हैं, जिसके माध्यम से उन्हें पोषक तत्वों से भरपूर सब्जियों और फलों के बारे में विस्तार से समझाया जाता है। इसके अलावा बच्चों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी उनको शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सही और पोषक भोजन के बारे में जागरूक किया जाता है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी गर्भवती और शिशुओं की सही देखभाल और खानपान के बारे में समुदाय को जागरुक करने के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। समुदाय स्तर पर गोदभराई और अन्नप्राशन दिवस आयोजित कर भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए सही खानपान के बारे में जागरूक किया जाता है। सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोग खुद से आगे आयें और स्वस्थ समाज बनाने में भागीदार बनें।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के दौरान जंक फूड के नुकसान के बारे में भी विस्तार से बताया जाता है। यही जंक फूड और अनियमित जीवन शैली आज मोटापा, कुपोषण समेत कई तरह की बीमारियों का प्रमुख कारण बन रहे हैं। मोटापे पर चिंता जताते हुए नियन्त्रण की बात प्रधानमंत्री खुद इसी स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से कह चुके हैं। मोटापे से बचाव के लिए जरूरी है कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं और रोजाना कम से कम 30 मिनट तक शारीरिक व्यायाम करें। योग और ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। शरीर के वजन पर बराबर नजर रखें। ताजे मौसमी फलों और सब्जियों का नियमित सेवन करें। अधिक नमक, चीनी और वसायुक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से तौबा करने में ही सभी की भलाई है।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से संतुलित आहार का महत्व और स्वास्थ्य में विटामिन और खनिज की महत्ता को समझाना बहुत जरूरी है। इसके अलावा पोषक तत्वों की कमी से निपटने के बारे में भी जागरूक करना जरूरी है। बच्चों और किशोरों को सुपोषित बनाना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि वही कल के देश के कर्णधार बनने वाले हैं। इसके साथ ही गर्भवती और बच्चे को स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषक आहार की उपयोगिता के बारे में भी बताना जरूरी है। इसमें समुदाय और परिवार के लोग भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा भोजन से पहले हाथों की सही स्वच्छता की अहमियत भी समझाई जानी चाहिए। बचपन से ही यदि यह अच्छी आदतें विकसित कर दी जाएँ तो वह जीवन में हमेशा-हमेशा के लिए बन जाती हैं। अंत में यह भी जानना जरूरी है कि सुबह के नाश्ते में प्रोटीन युक्त आहार जैसे- पनीर, दूध, दही, फल, मूंगफली आदि शामिल करें ताकि शरीर दिन भर उजार्वान और ताकतवर रहे। यह भूख को नियंत्रित करने में भी सहायक होता है और मांसपेशियों की वृद्धि में भी सहायक बनता है।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं)

## ट्रेंड

### भारत-जापान सहयोग



जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और जापान-भारत संघ के अध्यक्ष योशीहिदे सुगा के साथ मेरी बैठक हुई। हमने भारत-जापान सहयोग में प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### श्रद्धांजलि अर्पित



महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर स्मरण और श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, उन सभी खिलाड़ियों को नमन है जिन्होंने राष्ट्र को गौरवान्वित करने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### परियोजनाओं का लोकार्पण



'आंवला नगरी' प्रतापगढ़ में आज 570 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपद की समृद्धि यात्रा को और गति प्रदान की। लोक-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं प्रमाण-पत्र के साथ ही विद्यार्थियों को लैपटॉप भी वितरित किए।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### अभद्र भाषा का प्रयोग



दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी स्व. माता जी के विरुद्ध जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह अत्यंत अशोभनीय है और मैं इसकी निंदा करता हूं।

-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार

## संक्षेप

### स्वच्छ हवा का संदेश

**ब्रेथ ऑफ चेंज अभियान में 300 बच्चों ने स्केटिंग-साइकिलिंग से दिया प्रदूषण रोकने का संदेश**

गाजियाबाद, वायु प्रदूषण से निपटने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राहगीरी फाउंडेशन ने 'ब्रेथ ऑफ चेंज' अभियान का आयोजन किया। कमला नेहरू नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय रोड पर सुबह से कार्यक्रम शुरू हुए। सड़क को वाहन मुक्त कर दिया गया। इसमें 300 से अधिक बच्चों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। बच्चों ने स्केटिंग, साइकिलिंग और वॉकिंग का आनंद लिया। कार्यक्रम में कला प्रदर्शन और चित्रकला गतिविधियां हुईं। प्रदूषण पर आधारित नुक्कड़ नाटक में बताया गया कि सड़क धूल, कचरा जलाना और वाहनों का धुआं कैसे सेहत को नुकसान पहुंचा रहा है। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने कहा कि यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने का संकल्प है। सीएक्यूएम के सदस्य डॉ. एस.डी. अत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम ठोस कार्रवाई की प्रेरणा देता है। राहगीरी फाउंडेशन की सह-संस्थापक सारिका पांडा ने कहा कि वाहन मुक्त सड़कें शहर का असली रूप दिखाती हैं। कई स्कूलों के छात्रों ने रीसाइकिल सामग्री से बने वाद्ययंत्र बजाए। उन्होंने एआईक्यू स्तर मापने के उपकरण भी देखे। इस अभियान का उद्देश्य गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सड़क की धूल और प्रदूषण कम करना है।

### छात्र के साथ स्कूल टीचर ने की मारपीट

**गाल पर चोट के निशान, परिजन बोले: कान पर थप्पड़ मारा, गर्दन पकड़कर खींचा**

गाजियाबाद, एक निजी स्कूल में छात्र के साथ टीचर द्वारा मारपीट की घटना सामने आई है। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन से तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि न्याय नहीं मिला तो वे पुलिस में मामला दर्ज कराएँगे। पीड़ित छात्र के पिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनका बेटा कक्षा 6 में पढ़ता है। बेटे ने स्कूल से घर लौटते हुए बताया कि संगीत के टीचर स्टीव ने क्लास में उन्हें बुरी तरह पीटा। अर्नव ने अपने माता-पिता को बताया कि शिक्षक ने उसे कान पर थप्पड़ मारा, गर्दन पकड़कर पीछे से खींचा और क्लास से बाहर निकाल दिया। वहीं ऋषित और अक्षत के साथ भी इसी तरह का व्यवहार किया गया। बच्चों के परिजनों ने आरोप लगाया कि जब बच्चे स्कूल बस से घर लौटे तो वे रो रहे थे और डरे हुए थे। अर्णव सिंह के पिता ने बताया कि उनके बेटे की गर्दन पर चोट के निशान हैं। बच्चों की मानसिक स्थिति इतनी प्रभावित हुई कि वे अब स्कूल जाने से डर रहे हैं। अभिभावकों ने कहा कि उन्होंने स्कूल पर विश्वास कर बच्चों को सुरक्षित माहौल में शिक्षा दिलाने के लिए दाखिला कराया था, लेकिन ऐसी घटनाएँ असहनीय और चिंताजनक हैं। उन्होंने प्रिंसिपल से लिखित आश्वासन की मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। इस घटना को लेकर अभिभावकों में भारी आक्रोश है। परिजनों का कहना है कि यदि स्कूल प्रबंधन ने सख्त कार्रवाई नहीं की तो वे चिकित्सीय परीक्षण रिपोर्ट के साथ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराएँगे। जब इस बारे में स्कूल प्रिंसिपल से बात की गई तो उनका कहना था कि शिकायत के आधार पर टीचर के खिलाफ एक्शन लिया गया है

# धार्मिक मेले में अश्लील डांस

## भोजपुरी गानों पर जमकर लगे ठुमके, स्टेज पर युवक चढ़े तो हुआ बवाल

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, धार्मिक मेले में जमकर अश्लील डांस हुआ। स्टेज पर 3 डांसर हिन्दी-भोजपुरी गानों पर थिरकती नजर आईं। युवाओं की टोली भी साथ में झूमते-मस्ती करते दिखे। कुछ लोगों ने स्टेज पर चढ़कर डांस कर रहीं लड़कियों पर नोट भी लुटाया। इस दौरान कुछ युवकों ने हंगामा किया। आयोजकों के साथ उनकी कहासुनी-धक्कामुक्की भी हुई। आयोजन कराने वाले युवक स्टेज से अन्य युवकों को भगाते नजर आए। मेजा खास के बोलन नाथ धाम में हर साल इस महीने के हरितालिका पर 2 दिवसीय मेला लगता है। मेले में बार-बालाओं ने भोजपुरी गानों पर जमकर डांस किया। यह मेला खासकर महिलाओं के लिए जाना जाता है। यहां बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे पहुंचते हैं। उसी जगह पर अश्लील डांस से लोग असहज हो गए। मेले में सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात थी। थाना प्रभारी जीप से गश्त करते रहे, लेकिन अश्लील डांस होता रहा। मेजा तहसील क्षेत्र से लगभग 1 किमी दूर प्राचीन बाबा बोलनधाम मंदिर है। शिव के इस मंदिर में सोमवार को भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसा कहा जाता है कि शिवलिंग की स्थापना स्वयं पांडवों ने उस समय की थी, जब लक्षागृह स्थित लाख के किले में पांडवों को मारने के लिए कौरवों ने आग लगवा दी थी। पांचों भाई मां कुंती के साथ मेजा की पहाड़ी पर पहुंचे थे, पानी न मिलने पर गांडीव धनुष धारी अर्जन ने धनुष वाण चलाकर जमीन को भेद डाला था, उसी समय से बाबा बोलन धाम पर भूगर्भ जल निकल रहा है। बाबा धाम के पास 22 बीघे का तालाब है, भूगर्भ से निकलने वाला जल इसी में जाता रहता है। यह धार्मिक स्थल अभी तक उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। मंदिर के पुजारी भानु पांडे के आग्रह पर इलाहाबाद के मेयर उमेश गणेश प्रसाद केशरवानी द्वारा सरकार से जुलाई माह में 1 करोड़ 9 लाख की धनराशि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृति की गई। जल्द ही इसका निर्माण शुरू कराया जाएगा। मेजा एसीपी एसपी उपाध्याय ने कहा- जो वीडियो वायरल हुआ है, उसे चेक कराया जा रहा है। अश्लीलता फैलाई गई है, तो जांच कराकर कार्रवाई करेंगे। मेजा के बोलन नाथ धाम में मेले का आयोजन करने वाले मेला प्रभारी अंकित साहू ने कहा- आरकेस्ट्रा कमेटी ने नहीं कराया।

# क्रिप्टो करेंसी ठगी का मामला

## 27 लाख की धोखाधड़ी में साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़िता को वापस दिलाए 12 लाख रुपये

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, साइबर अपराधों पर लगातार कार्रवाई करते हुए प्रयागराज साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक महिला को ऑनलाइन ठगी से राहत दिलाई है। टीम ने तेजी और तत्परता दिखाते हुए 27 लाख रुपये की ठगी में से 12 लाख रुपये वापस दिलाए। पुलिस की इस उपलब्धि से पीड़िता ने राहत की सांस ली और अधिकारियों का आभार जताया। मामला थाना साइबर क्राइम प्रयागराज पर दर्ज मुकदमा संख्या 34/2024 का है। इसमें वादिनी से किसी अज्ञात शख्स ने ऑनलाइन क्रिप्टो करेंसी में निवेश का लालच देकर 27 लाख रुपये की ठगी कर ली थी। मुकदमा धारा 319(2)/318(4) एवं 66(सी)/66(डी) आईटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया। पुलिस आयुक्त व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन और पुलिस उपायुक्त गंगानगर/नोडल साइबर के पर्यवेक्षण और सहायक पुलिस आयुक्त (क्राइम) के नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की। टीम ने विभिन्न बैंकों और ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफार्म से लगातार संपर्क साधा। अथक प्रयासों के बाद पुलिस 12 लाख रुपये को ट्रैक कर पाने और उसे होल्ड कराने में सफल रही। यह राशि 1 सितंबर 2025 को वादिनी के खाते में सुरक्षित वापस कराई गई। पैसे वापस मिलने के बाद पीड़िता कार्यालय पहुंची और उच्च अधिकारियों व पूरी पुलिस टीम को धन्यवाद पत्र सौंपते हुए सराहना की। उसने कहा कि पुलिस की मेहनत और तत्परता के कारण उसे बड़ी राहत मिली है। पुलिस टीम को निरीक्षक ओम नारायण गौतम, थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट प्रयागराज, कांस्टेबल अनुराग यादव, थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट प्रयागराज, महिला आरक्षी शिखा सिंह, थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट प्रयागराज साइबर क्राइम पुलिस ने आम जनता को भी जागरूक किया।

# एसडीएम की अध्यक्षता में जनता दर्शन का आयोजन




अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सोमवार को एसडीएम की अध्यक्षता में जनता दर्शन सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। एसडीएम ने उनके निराकरण हेतु मातहतों को निर्देशित किया। मंगलवार को होने वाला जनता दर्शन विशेष परिस्थितियों में सोमवार को सम्पन्न हुआ जिसमें उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना। कुल 42 प्रार्थना पत्रों में 10 प्रार्थना पत्र आवास से सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी पुरवा को प्राप्त करा दिये गये हैं तथा 5 प्रार्थना पत्र उपखण्ड अधिकारी विद्युत पुरवा, 6 प्रार्थना पत्र खण्ड विकास अधिकारी हिलौली, 3 प्रार्थना पत्र पुलिस विभाग से व 18 प्रार्थना पत्र राजस्व से सम्बन्धित थे। आज 7 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर करा दिया गया है। अवशेष प्रार्थना पत्रों को शीघ्र निस्तारित कराने के लिए एसडीएम ने मातहतों को निर्देश दिए हैं।

# जाहरवीर गोगामेड़ी मेले में कुश्ती प्रतियोगिता

- 4 राज्यों के पहलवानों ने दिखाया दमखम, करनावल के पिंटू ने जीता मुख्य मुकाबला

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, सरधना क्षेत्र के गांव अरनावली में श्री जाहरवीर गोगामेड़ी मेले का आयोजन हुआ। मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने गोगाजी महाराज के दर्शन किए और प्रसाद अर्पित किया। हुई कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के पहलवानों ने हिस्सा लिया। मुख्य मुकाबले में करनावल के पिंटू कुमार ने वीर बहादुर सिंह को हराकर 2100 रुपये का पुरस्कार जीता। गूंगा पहलवान ने 1100 रुपये, गिरी पहलवान ने 1500 रुपये और गौरव दहा ने 1100 रुपये की कुश्ती जीती। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और सिवाल खास विधानसभा प्रत्याशी गौरव चौधरी ने दंगल का उद्घाटन किया।

मेला सचिव विश्वास सांगवान के अनुसार यह मेला प्रतिवर्ष भादो मास की पंचमी पर लगता है। यह मेला ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में अंकित सांगवान, विक्की, हरि गोपाल, रश्मि, कृष, बिल्लू मामा, नीरज सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। प्रतियोगिता में अरविंद गुलावठी, सौरभ, निशांत, बिट्टू पहलवान और राकेश समेत अन्य पहलवानों ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई।

# 12 फिट दिखा अजगर ग्रामीणों में मची अफरा तफरी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मदारनगर गांव के मजरा पंचू पुरवा में रविवार देर रात एक 12 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। रात 11:30 बजे अजगर के दिखने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। गांव के प्रधान प्रतिनिधि बच्चू लाल कुशवाहा ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। देर रात होने के कारण वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बच्चू लाल अपने साथियों के साथ लाठी और टॉर्च लेकर अजगर को पकड़ने निकले। बच्चू लाल और उनके मित्र अमित गुप्ता ने साहस दिखाते हुए अजगर को बिना किसी नुकसान के एक बोरी में बंद कर दिया। बोरी को सुरक्षा के लिए एक पेड़ से लटका दिया गया। इस घटना के दौरान सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। राहत की बात यह रही कि अजगर ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। वन विभाग की टीम सुबह आकर अजगर को अपने साथ ले जाएगी। ग्रामीण बच्चू लाल और अमित की हिम्मत की सराहना कर रहे हैं, जिन्होंने वन विभाग के मना करने के बावजूद यह साहसिक कार्य किया।



# योग शिविर में बच्चों को सिखाई मार्शल आर्ट

- बागपत के इंटर कॉलेज में जूडो-कराटे और लाठी का प्रशिक्षण, योग के महत्व पर दिया जोर

अमन लेखनी समाचार



बागपत, नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेमोरियल इंटर कॉलेज तमेलागढ़ी में योग एवं संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन बच्चों को जूडो कराटे, लेजियम, डम्बल और लाठी चलाने का प्रशिक्षण दिया गया।

व्यायाम शिक्षक जयराम आर्य ने स्वस्थ जीवन में योग के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि जैसे शरीर को मजबूत बनाने के लिए अच्छे खानपान की जरूरत होती है, वैसे ही स्वस्थ रहने के लिए योग भी आवश्यक है। शिविर के साथ ही संध्या कार्यक्रम में झुंडपुर और गैडबरा में भी बच्चों को शाखा लगाकर योगाभ्यास कराया गया। आर्यवीर दल के जिला संचालक यतेंद्र आर्य ने सभी को योग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि एक घंटे का नियमित योगाभ्यास कई बीमारियों से बचाव करता है। कार्यक्रम में रुकमपाल यादव, सुशील कुमार, सतीश कुमार, कमलजीत और सागर आर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यतेंद्र आर्य ने कहा कि बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं सभी को योग करना चाहिए। उन्होंने शरीर को एक वरदान बताते हुए इसे स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी पर जोर दिया।

# एमडीए के खिलाफ किसानों का अनिश्चितकालीन धरना

## बोले- 10 साल पहले हुए समझौते के आधार पर लेंगे अपना हक, बारिश में भी डटे रहे

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, वेदव्यास पुरी में मेरठ मंडपम पर किसानों का एमडीए के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी है।

किसानों का कहना है कि पिछले दस सालों से हम प्राधिकरण के खिलाफ इस लड़ाई को लड़ रहे हैं। पूरे दिन हुई बारिश में भी धरना स्थल पर किसान और बड़ी संख्या में महिलाएं वहीं बैठे रहे। धरने पर बैठे किसान धर्मपाल सिंह ने बताया कि जिस समय यह अधिग्रहण हुआ था और यह प्रतिकर निर्धारित हुआ था उस समय इसमें 200 लेकिन समय बढ़ने के साथ वारिसों की संख्या भी बढ़ती गई। आज इस योजना से लगभग 800 किसान प्रभावित हैं। धरने पर बैठे एडवोकेट नरेश ने बताया कि हमारी लड़ाई किसी सरकार से नहीं है यह सिर्फ किसानों और मेरठ विकास प्राधिकरण के बीच की लड़ाई है। लगातार हमें हमारे हक से वंचित किया जा रहा है लेकिन हम कमजोर नहीं पड़ेंगे और अपना हक लेकर रहेंगे किसानों का कहना है कि हम न तो सरकार से और न ही प्राधिकरण से कोई बैर नहीं चाहते हैं। हम बस यही चाहते है कि प्राधिकरण हमारा हक हमे वापस देदे। हम कोई चीज गलत नहीं मांग रहे है हम सिर्फ अपना हक चाहते हैं। धरने पर मौजूद किसान उदयवीर सिंह ने बताया कि हम यहां न तो किसी विशेष संगठन के कार्यकर्ता के रूप में बैठे हैं और न ही किसी राजनीतिक पार्टी से इस धरने का कोई मतलब है। यहां मौजूद सभी लोग सिर्फ पीड़ित किसान हैं जो अपना हक मांग रहे हैं। धरने पर बैठे किसानों ने उस क्षेत्र में मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे सभी निर्माण कार्य भी रुकवा दिए।

इनमें मुख्य रूप से मेरठ मंडपम, पाइप लाईन, पार्क का निर्माण भी रुकवा दिया गया है और उनका कहना है कि हम काम तब तक शुरू नहीं होने देंगे जब तक हमे अपना हक नहीं मिलेगा। धरने पर बैठे किसान जगदीश कुमार ने बताया कि एमडीए से हमारा 2015 में अतिरिक्त प्रतिकर को लेकर एक समझौता हुआ था जिसमें कहा गया था कि छोटे किसानों को नगद प्रतिकर यानी पैसा मिलेगा जिनमें तीन लाख रुपए तक वाले किसान थे। इसके साथ इससे बड़े किसानों को विकास प्राधिकरण यहां भू- खंड प्रदान करेगा। इसमे लगभग 300 चैक प्राधिकरण ने किसानों को दिए भी 2016 में।

# गौर यमुना सिटी में रहवासियों का विरोध

## बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर सैकड़ों लोगों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



जेवर, ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र स्थित गौर यमुना सिटी सोसायटी में सैकड़ों निवासियों ने धरना प्रदर्शन किया। रहवासियों ने बुनियादी सुविधाओं की कमी के खिलाफ आवाज उठाई। सोसायटी में कई गंभीर समस्याएं हैं। पानी की टंकी के खुले ढक्कन में जानवर गिर जाते हैं। पार्किंग स्थल पर अवैध निर्माण हो रहा है। सड़कें टूटी हुई हैं। गटर का पानी ओवरफ्लो होता है। सोसायटी में जगह-जगह कूड़ा बिखरा रहता है। श्मशान घाट के पास होने से प्रदूषण की समस्या भी है। निवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से इन समस्याओं को प्रशासन के सामने उठाते आ रहे हैं। प्रशासन सिर्फ आश्वासन देता है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं करता। इसी कारण लोगों ने धरना प्रदर्शन का रास्ता चुना। प्रदर्शन में श्रवण अवाना, संदीप पुंडीर, विशाल चौहान, लक्ष्मण एचपी सिंह, संदीप राठी, अंकित भूपेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र राय, शिवा और नेत्रपाल समेत कई लोग शामिल हुए। सभी ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। रहवासी चाहते हैं कि उनकी बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो और जीवन स्तर बेहतर हो।

# गंगा कटान से 500 किसानों की जमीन

## 38 साल से नहीं मिला मुआवजा, अब वन विभाग को सौंपी जा रही जमीन

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , मवाना तहसील स्थित ग्राम मनोहरपुर में गंगा नदी की धारा परिवर्तन से लगभग 500 अनुसूचित जाति के किसानों की 220 हेक्टेयर कृषि भूमि स्थाई रूप से डूब गई है। यह स्थिति 1984 की भीषण बाढ़ के बाद बनी, जब गंगा ने अपना मार्ग बदल लिया। किसानों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, राजस्व विभाग, वन विभाग और सिंचाई विभाग की लापरवाही से उनकी जमीन जलमग्न हुई है। सरकार ने गंगा नदी की पुरानी 315 हेक्टेयर दर्ज भूमि पर पुल या तटबंध बनाने के बजाय किसानों की लगानी भूमि पर निर्माण कार्य किया। इससे नदी की धारा स्थाई हो गई। प्रभावित किसान पिछले 38 वर्षों से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। वे अब तक 90 से 100 बार प्रार्थना पत्र और ज्ञापन दे चुके हैं। लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब स्थिति और जटिल हो रही है क्योंकि गंगा नदी के नाम से दर्ज 315 हेक्टेयर भूमि को वन विभाग को सौंपा जा रहा है। किसानों ने मुख्यमंत्री से दो विकल्पों में से एक की मांग की है। या तो उन्हें गंगा नदी के नाम से दर्ज भूमि में पुनर्वास दिया जाए, या फिर सर्किल रेट के हिसाब से चार गुना मुआवजा दिया जाए।

# ट्रक के गेट पर फंदा लगाकर ड्राइवर ने दी जान

- एक्सप्रेस-वे पर मिला शव, नशा कर रखा था, बागपत का रहने वाला था

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर 154 पर सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां एक ट्रक चालक का शव एक्सप्रेस-वे के पास संदिग्ध अवस्था में मिला है। चालक ने रस्सी का फंदा बना कर उस पर झूल कर जान दे दिया। सूचना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। यूपीडा कर्मियों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। मामला दोस्तपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत किमी 154 का है। यहां पर ट्रक साइड में खड़ा था। 55 वर्षीय चालक का शव रस्सी से लटका हुआ था। ग्रामीण ने शव देखा तो वहां चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही यूपीडा कर्मी सुरक्षा अधिकारी कपिल देव यादव, सहायक सुरक्षा अधिकारी राम जगत तिवारी सुरक्षाकर्मी के साथ मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव एक ट्रक के पास पड़ा मिला था। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह मामला सड़क हादसे का है या फिर किसी अन्य घटना से जुड़ा हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव की शिनाख्त कराने के प्रयास तेजी से किए गए। घटना स्थल पर सीओ कादीपुर विनय गौतम, इंस्पेक्टर दोस्तपुर अनिरुद्ध सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। यहां शव की पहचान चालक मंगल पुत्र हर ख्याल निवासी बीपीओ मलकपुर थाना बडौत जिला बागपत के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीओ विनय गौतम ने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रक के गेट में फंदा लगाकर उसने सुसाइड किया है। मृतक ने नशा भी कर रखा था। मौके से पैसे और उसका मोबाइल मिला है। शुरूआती जांच में परिवारिक कलह का मामला सामने आ रहा है।

## थाना राजापुर पुलिस टीम द्वारा 07 जुआरियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया

**अमन लेखनी समाचार**



चित्रकूट ।पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष राजापुर पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में थाना राजापुर की दो पुलिस टीमों द्वारा कुल 07 अभियुक्तों को जुला खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।

उ0नि0 नरेन्द्र यादव मय हमराह आरक्षी शुभम मिश्रा, आरक्षी विमलेश कुमार व आरक्षी राघवेन्द्र द्वारा अभियुक्त 1. हरि चन्द्र पुत्र रामकृपाल उम्र करीब 47 वर्ष 2. राधेश्याम पुत्र कैरा उम्र करीब 35 वर्ष 3. अंशू रैदास पुत्र रामसजीवन उम्र करीब 22 वर्ष 4. मुनेश कुमार पुत्र नत्थूलाल उम्र करीब 40 वर्ष निवासीगण बरगदी पुरवा मजरा बेराऊर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से माल फड 1020 रु0 व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 500/- रुपये बरामद किये गये।

उ0नि0 रमेश चन्द्र मय हमराह आरक्षी चंदन विश्वकर्मा, आरक्षी अजय मिश्रा व आरक्षी शाकिर अली द्वारा अभियुक्त 1.अमित कुमार उर्फ अशोक पुत्र दुर्गा प्रसाद उम्र 25 वर्ष 2.लवलेश पुत्र रामनाथ उम्र 50 वर्ष 3.रमेश प्रजापति पुत्र पप्पू उम्र 24 वर्ष निवासीगण बरगदी का पुरवा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से माल फड 950 रु0 व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से कुल 430/- रुपये बरामद किये गये। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## ग्रामीणों ने लेखपाल पर कृषि पट्टे के नाम पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप



**उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की उठाई मांग**

**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा। तहसील गरौठा अंतर्गत आने वाले ग्राम धमनौड़ के लगभग आधा दर्जन ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी गरौठा को प्रार्थना पत्र देकर लेखपाल पर ग्राम प्रधान की सह पर कृषि पट्टे के एवज में पैसे मांगने का आरोप लगाया है ।उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग कृषि पट्टे के हकदार है। लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा उनके कागज ही नहीं लिए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व लेखपाल पर कृषि पट्टे के नाम पर 20- 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग करने का आरोप लगाया है। ग्राम पंचायत धमनौड में कृषि पट्टे की प्रक्रिया के दौरान प्रधान पर गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिना रुपये दिए काम नहीं हो रहा है ।ग्रामीणों ने बताया कि जब वे लेखपाल के पास गए तो लेखपाल ने कहा कि आप सीधे ग्राम प्रधान से मिलो जब हम लोग ग्राम प्रधान से मिले तो ग्राम प्रधान कहा कि ?20000 लेकर आओ तभी तुम्हारा पट्टा होगा। ग्रामीणों ने मामले की शीघ्र जांच करते हुए दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## बुन्देली लोकदेव पर आधारित नाटक लाला हरदौल का भव्य मंचन, डॉ संदीप ने की सराहना

**लेखक निर्देशक महेंद्र वर्मा लिखित नाट्य पुस्तक लाला हरदौल का विमोचन हुआ**

**अमन लेखनी समाचार**



झाँसी । श्री गणेश सत्संग भवन झाँसी हीरक जयंती महागणेश महोत्सव में आज पांचवे दिन मंच पर बुन्देलखण्ड के लोकदेव लाला हरदौल पर केंद्रित चर्चित नाटक लाला हरदौल का भव्य मंचन झाँसी ललितपुर के लोकप्रिय सांसद अनुराग विश्वनाथ शर्मा के मुख्य आतिथ्य और संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ संदीप सरावगी एवं संस्कार भारती के प्रदेश महामंत्री नरेश चंद्र अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। संचालन वरिष्ठ समाजसेवी राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षाविद डॉ नीति शास्त्री ने किया । सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य आयोजक सीताराम कुशवाहा ने अतिथियों को बैच अलंकरण और मोतीमाला अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। लेखक निर्देशक महेंद्र वर्मा द्वारा लिखित नाट्य पुस्तक लाला हरदौल का विमोचन सांसद अनुराग विश्वनाथ शर्मा, नरेश चंद्र अग्रवाल, डॉ नीति शास्त्री, डॉ संदीप सरावगी, संस्कार भारती अध्यक्ष राष्ट्रीय चित्रकार किशन सोनी कार्यक्रम संयोजक एवं संस्कार भारती प्रांतीय मंचीय सह संयोजक संजय तिवारी राष्ट्रवादी आदि की उपस्थिति में किया गया। भावपूर्ण मार्मिक कथानक पर आधारित भव्य नाट्य प्रस्तुति लाला हरदौल में ओरछा नरेश महाराज जुझार सिंह की भूमिका में महेंद्र वर्मा, लाला हरदौल की भूमिका में राघवेंद्र सिंह, सेनापति पहाड़ सिंह और बहनोई दतिया नरेश महाराज विक्रम सिंह की दोहरी भूमिका संजय राष्ट्रवादी, भाभी महारानी चंपावती की भूमिका मंजू सिंह, बहन महारानी कुंजावती की भूमिका नीलम गुप्ता, सूत्रधार और ओरछा दीवान आदित्य वर्मा, दतिया दीवान धर्मेंद्र सेन, उद्घोषक सीताराम कुशवाहा, दरवान आकाश और सुनील रायकवार, पठान कादिर खान और धर्मपाल की भूमिका सौरभ सेठ, लाखन की भूमिका में मुकुल, मालती की भूमिका में शुभी दुबे, ललिता की भूमिका में विधि और रतन कुंवर की भूमिका में शिविरा कुंवर की भूमिका में हर्ष झा रहे । बुन्देली संगीत हर्ष झा और सीताराम कुशवाहा ने दिया । डिजिटल फॉर्मेट अमर सोनी ने तैयार किया । दर्शकों ने प्रस्तुति को भरपूर सराहा, भावपूर्ण दृश्यों ने दर्शकों को रूला दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय चित्रकार कामिनी बघेल, सुदर्शन शिवहरे, देवीसिंह पहलवान, पार्षद संजय वाल्मीक आदि सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। अंत में सीताराम कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया।

खास समाचार

## प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कारवाई करे केंद्र सरकार-राकेश शरण मिश्र

**(संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने भारत सरकार को लिखा पत्र)**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। विगत दिनों बिहार प्रदेश में एक बड़े मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल की रैली में देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंच से अपशब्द और अत्यंत आपत्तिजनक संबोधन करने पर अधिवक्ताओं के राष्ट्रीय संगठन संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ने इस पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए इसकी घोर निंदा की है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने इस शर्मनाक घटना का संज्ञान लेते हुए भारत सरकार को पत्र लिखकर अपशब्द भाषा का प्रयोग करने वाले दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कारवाई की मांग की है। श्री मिश्र ने पत्र में मांग की है कि भारत के प्रधानमंत्री के विरुद्ध आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने वाले प्रत्येक दोषियों के विरुद्ध देश द्रोह का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर करवाई करनी चाहिए जिससे दुबारा देश के प्रधानमंत्री के विरुद्ध कोई भी ऐसी घटिया भाषा का प्रयोग करने की जुर्रत ना कर सके।

## राष्ट्रीय खेल दिवसः साइकिल रैली के साथ तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**अमन लेखनी समाचार**

मिजार्पुरः मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन साइकिल रैली के साथ हुआ। केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, विधायक रिंकी कोल और जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि सरकार खेल संस्कृति को बढ़ावा दे रही है और खिलाड़ियों को हर सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने फिटनेस पर जोर देते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। जिलाधिकारी ने मेजर ध्यानचंद के समर्पण से युवाओं को प्रेरणा लेने की अपील की।

## पुस्तक महोत्सवः ज्ञान, संस्कृति और साहित्य का भव्य उत्सव 3 से 7 सितंबर तक

**अमन लेखनी समाचार**

मिजार्पुर, 31 अगस्त 2025ः मिजार्पुर शहर में साहित्य और संस्कृति के प्रेमियों के लिए एक शानदार आयोजन, मिजार्पुर पुस्तक महोत्सव, 3 से 7 सितंबर 2025 तक आयोजित होने जा रहा है। इस महोत्सव का उद्घाटन प्रो. शोभा गौर, कुलपति, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, द्वारा किया जाएगा। प्लेवे स्कूल में सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक चलने वाले इस पुस्तक महोत्सव में सभी आयु वर्ग के लिए किताबों, ज्ञान और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजक प्लेवे स्कूल और बुकवाला (1972 से) ने शहरवासियों को इस साहित्यिक उत्सव का हिस्सा बनने और पढ़ने, सीखने व एकजुटता के आनंद का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया है। यह आयोजन साहित्य प्रेमियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां वे नई किताबों, लेखकों और सांस्कृतिक गतिविधियों से रूबरू हो सकेंगे।

## 21 सितम्बर को होगी माँ काली जी की भव्य अगवानी

**आस-पास के सभी मंदिरों, घरों की दीवारों पर की जायेगी आकर्षक लाइटिंग**

**अमन लेखनी समाचार**



गुरसराय(झाँसी)- नवरात्रि को लेकर नगर के मुहल्ला पटकाना में गुरसराय एवं क्षेत्र की ऐतिहासिक विराजमान होने वाली माँ काली जी की भव्य आगमन यात्रा इस बार और बेहद खास होने वाली है। इसी को लेकर जय माँ काली समिति पटकाना की एक बैठक अध्यक्ष पंडित सार्थक नायक की अध्यक्षता में आहूत की गयी बैठक में कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि आगमन यात्रा मे डी.जे, बग्गी आदि सम्मिलित रहेंगे। माँ काली जी की भव्य अगवानी को लेकर सभी भक्तजनों मे खासा उत्साह है। आगमन यात्रा को लेकर सभी महिलाएं अपने अपने घर के बाहर रंगोली बनाकर एवं पुष्प वर्षा कर माँ काली जी की भव्य अगवानी करेगी।हर वर्ष की तरह इस बार भी समिति द्वारा माँ काली जी की भव्य अगवानी की जायेगी। 21 सितम्बर मंगलवार को माँ काली जी की भव्य अगवानी रामनगर रोड़ से डी.आर सिंह तिराहा, पानी की टंकी, टीचर्स कॉलोनी, गांधीनगर होते हुए मुहल्ला पटकाना स्थित माँ काली जी प्रागंण मे विराम होगी। इस बार पंडाल को अत्यंत भव्य और दिव्य तरीके से सजाया जाएगा इसके साथ-साथ आस-पास के सभी मंदिरों में भी भव्य सजावट की जायेगी एवं सभी घरों की दीवारों पर आकर्षक लाइटिंग की जायेगी। 22 सितम्बर से माँ काली जी के भक्तगण दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर भाव-विभोर होंगे। भक्तों को आरती देखने में कोई असुविधा न हो इसके लिए हर वर्ष की तरह इस बार भी कमेटी की तरफ से लाइव टेलिकास्ट की व्यवस्था जायेगी। इस अवसर पर पुजारी अभिनव शास्त्री, उपाध्यक्ष गगन यादव, उपाध्यक्ष नीरज यादव, उपाध्यक्ष पंकज आर्या, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सदस्य सागर मिश्रा, सुरेंद्र अग्रवाल, पंकज आर्या, अनुज झां, हरिओम पांचाल, सोनू नामदेव, मोहित भगतजी, राकेश कुमार, मुकुल नामदेव, पुस्पेंद्र नामदेव, सजल अग्रवाल, ऋषि नामदेव, हर्ष व्यास, राज सेन, युवराज सिंह यादव, ऋषि नामदेव आदि लोग शामिल रहे।

## हिंडालको के सामाजिक कार्य सराहनीय : डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**अमन लेखनी समाचार**



रेणुकूट। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने हिंडालको के सामाजिक कार्यों को सराहनीय बताया। हिंडालको के यशवंत कुमार और प्रमोद कुमार ने राज्य सूचना आयुक्त का स्वागत किया। उन्होंने अवगत कराया कि हिंडालको द्वारा पांच प्रकार से सेवा प्रकल्प चलाए जा रहा हैं। इस वर्ष हिंडालको रेणुकूट को नगर एवं आसपास के इलाकों में जल संरक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने को लेकर रोटरी सीएसआर अवार्ड से सम्मानित किया गया था। यह पुरस्कार हिण्डाल्को को पुणे महाराष्ट्र में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि कमांडेंट एनडीए पुणे वाइस एडमिरल गुरचरन सिंह ने दिया था। राज्य सूचना आयुक्त ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि हिण्डाल्को जल सरंक्षण के कार्य पिछले कई दशक से कर रहा है। इसके अंतर्गत जिन क्षेत्रों में गर्मियों के दौरान जल की कमी हो जाती थी, वहां जल संरक्षण के प्रभावी कार्य किए गया। सोनभद्र जनपद के दुद्धी, म्योरपुर एवं बभनी ब्लॉक के गांवों में जल संरक्षण के लिए कार्य किया गया है। चेक निर्माण, बॉवली निर्माण, तालाब गहरीकरण, तालाब में रिटेनिंग वॉल आदि का निर्माण कराया गया। प्रतिवर्ष हिण्डाल्को समुदायिक विकास के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों में जल संरक्षण की परियोजनाओं को प्रमुख स्थान है। जल प्रबंधन के इन कार्यों से क्षेत्र में न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि किसानों को खेती के लिए वर्ष भर पानी की भी उपलब्धता हो गई है।

## अनुरागिनी संस्था द्वारा आयोजित 'नारी शक्ति गौरव उत्सव' में महिलाओं का सम्मान

**स्वावलंबन से ही महिलाओं को मिलेगा वास्तविक सशक्तिकरण :चारु चौधरी**

**अमन लेखनी समाचार**



महोबा। अनुरागिनी संस्था द्वारा जिला प्रशासन महोबा के सहयोग से ब्लॉक सभागार कबरई में 'नारी शक्ति गौरव उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को 'नारी शक्ति सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त मंत्री चारु चौधरी ने कहा कि ग्रामीण विकास में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम है। यदि महिला स्वावलंबी बनती है तो पूरा परिवार और समाज सशक्त होता है। ऐसे कार्यक्रम महिलाओं के आत्मविश्वास को नई दिशा देते हैं। अनुरागिनी संस्था का यह प्रयास निश्चित ही प्रेरणादायी है। अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि संस्था पिछले 28 वर्षों से महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आजीविका के क्षेत्र में कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि देश की हर महिला आत्मनिर्भर बने और समाज में अपनी अलग पहचान बनाए। उप जिलाधिकारी महोबा सल्तनत परवीन ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना सतत विकास संभव नहीं है। हमें महिलाओं को हर स्तर पर अवसर देना होगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महोबा के उपायुक्त अशोक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लमहिला समूह आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुके हैं। स्वयं सहायता समूह न केवल आजीविका के साधन उपलब्ध करा रहे हैं बल्कि सामाजिक बदलाव और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला भी बन रहे हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से गहरा ग्राम की चित्रा और कुमरोड़ा ग्राम की संध्या को ह्लनारी शक्ति सम्मानह्व से सम्मानित किया गया। जिला दोनों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सरोकार, उद्यमिता और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है. भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विभा पुरवार ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए जन कल्याण योजनाएं से जुड़ने के माध्यम को बताया जिला प्रोबेशन अधिकारी महोबा नायक हर्षवर्धन ने महिला कल्याण विभाग द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान की महिला पुलिस उप निरीक्षक शिवानी प्रजापति ने महिला मिशन शक्ति की जानकारी देते हुए टोल-फ्री नंबर की जानकारी समुह के सदस्यों को दी. कार्यक्रम संयोजक दीपेन्द्र सिंह परिहार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उत्सव महिलाओं को नई प्रेरणा देने वाला है और आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महोबा की जिला प्रबंधक शिखा श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र की सोशल मीडिया प्रमुख वंदना गुप्ता जिला केंद्रीय उपभोक्ता भंडार जालौन के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राजावत निदेशक महेंद्र सोनी विपिन भादौरिया प्रशांत कुमार गुप्ता , योगेश कुमार गुप्ता नीतेश गुप्ता धनेंद्र दीक्षित , महेंद्र यादव मनीष कुमार नामदेव श्याम करन प्रजापति किशोर बोर्ड की सदस्य क ल्पना सोनी सहकार भारती की जिला महिला प्रमुख रेखा तिवारी सिद्धि तिवारी राम जी अर्जरिया रामावतार साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम में डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से उपस्थित महिलाओं को पोषण जूस वितरित किए गए।

## उप जिलाधिकारी सदर ने औचक निरीक्षण कर बीएलओ के कार्यों का किया निरीक्षण , दिया निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**



जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के आदेश एवं अपर जिलाधिकारी वित्त अजय कुमार सिंह के निर्देश पर आज 30 अगस्त शनिवार को सदर उपजिलाधिकारी गुलाब चंद्र द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग लखनऊ द्वारा आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव के दृष्टिकोण से पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत बीएलओ के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण पर जांच किया गया।

उप जिलाधिकारी गुलाब चंद्र द्वारा विकासखंड छानवे के ग्राम पंचायत भटेवरा में बीएलओ अंजना चौहान के कार्यों की स्थलीय जांच कर दिशा निर्देश दिया गया।

जैसा कि शासन प्रशासन के मनसा अनुरूप ब्लॉक के सभी बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक भरा जा रहा है गणना पत्रक के आधार पर बीएलओ द्वारा परिवर्धन सूची, संशोधन सूची एवं विलोपन सूची तैयार की जा रही है। यह अभियान पिछले दिनांक 19 अगस्त 2025 से किया जा रहा है एवं 29 सितंबर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची तैयार किया जाएगा। उपजिलाधिकारी सदर ने बताया कि सभी बीएलओ को सावधानी पूर्वक गणना पत्र भरने के निर्देश दिए गए हैं जिससे आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव पूरे पारदर्शिता के साथ शासन के मंशानुरूप संपन्न किया जा सके। इसके साथ ही उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चंद्र के द्वारा सीओ सदर के साथ मवैया गांव के गणेश प्रतिमा विसर्जन का मार्ग कछवां गणेश मूर्ति विसर्जन मार्गों का भी निरीक्षण किया गया।

## गणेश विसर्जन एवं बारावफात को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित



**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा। आगामी त्यौहार गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं बाराबफात के सन्दर्भ में कोतवाली गरौठा में सुनील कुमार उपजिलाधिकारी गरौठा एवं आसमा वकार पुलिस क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आहूत की गयी। बैठक के दौरान नगर गरौठा एवं कोतवाली के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन के संदर्भ में साफ सफाई, निकलने वाले जुलूस का रूट तथा विसर्जन स्थल तय किए गए। 6 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे से शाम को 5:00 के बीच गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। वहीं बारावफात को निकलने वाले जुलूस के संबंध में मुस्लिम समुदाय के लोगों से बातचीत करते हुए नगर गरौठा में निकलने वाले बारावफात के जुलूस के मार्ग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी लेकर समय निर्धारित किया गया ।गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल एवं नगर में निकलने वाले जुलूस के मार्ग में साफ सफाई के लिए नगर पंचायत गरौठा को निर्देशित किया गया। पीस कमेटी की बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही सहित कोतवाली गरौठा का समस्त पुलिस स्टाफ क्षेत्रीय ग्राम प्रधान नगर के गणमान्य नागरिक राजनीतिक दलों के नेता एवं पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## 307.53 लाख लागत धनराशि की सड़कों का मंत्री ने फीता काटकर किया लोकार्पण

**एकीकृत बागवानी मिशन योजना में उत्कृष्ट खेती करने वाले कृषकों को मंत्री ने प्रशस्ति -पत्र देकर किये सम्मानित।**

**मंत्री जी, विधायक सदर, भाजपा जिलाध्यक्ष व कृषक बन्धुओं ने प्रधानमंत्री जी के मन की बात की 125वें संस्करण के सजीव प्रसारण को देखा और सुना।**

**कृषक बन्धुओं की सुविधा हेतु मीरजापुर जनपद में सेन्टर ऑफ एक्सलेंस फार ड्रैगन फ्रूट यूनिट की हो रही है स्थापना- मंत्री जी।**

**कृषक बन्धुओं के आय में वृद्धि हेतु केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं- मंत्री जी।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह, सदर विधायक भूपेश चैबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, रायबरेली भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) रमेश चन्द्र ने दीप प्रज्जवलन कर गणेश जी के प्रतिमा माल्यार्पण कर पंचायत रिसोर्स सेन्टर विकास भवन, सोनभद्र में खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना/प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना/ड्राफ मोर क्राप योजना से सम्बन्धित कृषक गोष्ठी का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर मंत्री जी ने उपस्थित कृषक बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के नेतृत्व में कृषक बन्धुयो की आय दोगुना करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इन योजनाओं के माध्यम से कृषक बन्धु औद्योगिक खेती करके अपनी आय दोगुना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मीरजापुर जनपद में सेन्टर आफ एक्सलेंस फार ड्रैगन फ्रूट यूनिट की स्थापना की जा रही है, मीरजापुर में कृषक बन्धुओं ने स्ट्राबेरी की खेती करके अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं, इसी प्रकार से जनपद सोनभद्र में ड्रैगनफ्रूट की खेती करके आय में वृद्धि हो रही है। आद्योगिक खेती करने का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि कम क्षेत्रफल में अधिक उत्पादन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं, उद्यान विभाग की सहायता से आप औद्योगिक खेती कर सकते हैं, औद्योगिक खेती करके कृषक एक एकड़ जमीन में 15 लाख रुपए तक आय अर्जित कर रहें हैं


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक-**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक -**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address**
**amanlekhaninews@gmail.com**



# शाहिद कपूर की फिल्म में दिखेगी लैला-मजनू की जोड़ी

**नई दिल्ली।** देवा के बाद एक बार फिर शाहिद कपूर बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। इस बार वह विशाल भारद्वाज की मूवी में दिखाई देंगे। वह विशाल के साथ 8 साल बाद वापसी कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी की और डायरेक्टर के साथ सेट से पहली झलक दिखाई है। शाहिद कपूर की इस आगामी फिल्म में लैला मजनू स्टार्स तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी भी अहम भूमिका में हैं। इस बारे में एक्टर ने कहा, यह पोस्ट शानदार कास्ट तृप्ति डिमरी को शामिल किए बिना पूरा नहीं हो सकता, जिनके साथ मुझे बहुत मजा आया। इसमें उनका अभिनय देखना।

लाइफ Style



# जाह्नवी

## दो लोगों के बीच होते हैं लड़ाई-झगड़े

जाह्नवी कपूर अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर उनके सपनों के बारे में डिस्कस करती रहती हैं। अब जाह्नवी ने कपिल शर्मा के शो में बताया कि वह 3 बच्चे चाहती हैं और उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई है। जाह्नवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी हाल ही में रिलीज हुई है और फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दोनों फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब हाल ही में दोनों कपिल शर्मा के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में पहुंचे और इस दौरान जाह्नवी ने बताया कि उन्हें 3 बच्चे चाहिए और वह साउथ में सेटल होना चाहती हैं। कपिल ने उनसे इसके पीछे की वजह भी पूछी तो जानें उन्होंने क्या कहा। जाह्नवी ने कहा, 'मुझे लगता है अच्छा होता है 3, पहले तो मेरे लिए लकी नंबर है और दूसरी बात है कि लड़ाई-झगड़े हमेशा 2 लोगों के बीच होते हैं। ऐसी सिचुएशन में एक का सपोर्ट जरूरी होता है। एक बहन या लड़का जो भी होगा, वो डबल ढ़ोलकी होगा। दोनों साइड से खेलेगा। दोनों को सपोर्ट मिलेगा। मैंने बहुत सोच समझकर ये प्लानिंग की है।'

जाह्नवी की इस बात को सुनकर ना सिर्फ कपिल बल्कि सिद्धार्थ और बाकी दर्शक भी हंसने लगे। बता दें कि इससे पहले जाह्नवी ने कोमल नहाटा के शो में कहा था, 'मैं शादी करके तिरुमला तिरुपति में पति और बच्चों के साथ सेटल होना चाहती हूं। हम केले के पत्तों पर हर दिन खाना खाएंगे और गोविंदा-गोविंदा सुनेंगे। मेरे बालों में मोगरा होंगे और मैं मणिरत्नम के म्यूजिक को सुनूंगी। मैं अपने पति के तेल चम्पी करूंगी।'

हॉलीवुड मसाला



# किसी भी चीज में राय बहुत आसान

**नई दिल्ली।** एम्मा हेमिंग विलिस ने हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रूस विलिस के साथ अपनी शादी में लिए गए अब तक के सबसे कठिन फैसलों में से एक के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, 'किसी भी चीज में राय देना बहुत आसान होता है, क्योंकि कोई कोई आपके घर में नहीं होता, किसी को नहीं पता कि आपका पार्टनर कैसा व्यवहार कर रहा है और आपके घर में क्या चल रहा है। सच्चाई यह है कि राय बहुत जोरदार और शोरगुल वाली होती हैं।



# वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर छोड़ना पड़ा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने वीजा को लेकर नियम काफी सख्त कर दिए हैं और इस सख्त फैसले से दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले टिकटॉक स्टार खाबी लेम भी खुद को नहीं बचा पाए। दरअसल, लास वेगास में वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद टिकटॉक स्टार को अमेरिका छोड़ना पड़ा था। इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने पुष्टि की है कि सेनेगल में जन्मे और इटली के नागरिक खाबी लेम, जिनका पूरा नाम सेरिंगे खाबाने लेम है, उन्हें शुक्रवार को हैरी रीड इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर हिरासम में लिया गया था। खाबी लेम 30 अप्रैल को अमेरिका आए थे, लेकिन उन पर वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप है।



# बुद्धि और शांति हमेशा सही रहे : ईशा

**मुंबई।** गणेश उत्सव के पावन अवसर पर एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर इस त्योहार की अहमियत के बारे में बताया। गणपति बप्पा हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। वो हमारे ईष्ट देवता हैं। बचपन से ही मैं गणेश चतुर्थी मना रही हूं। जब से मैं पैदा हुई हूं, तब से ही घर पर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। मैं हमेशा बप्पा से यही प्रार्थना करती हूं कि मेरी बुद्धि सही रहे। विनाश काल विपरीत बुद्धि ये लाइन मैं हमेशा याद रखती हूं। पैसे तो इंसान कभी भी कमा सकता है, अगर खत्म भी हो जाए तो दोबारा कमा सकता है। नाम और शोहरत भी आती-जाती रहती है। लेकिन, अगर बुद्धि सही हो और मन में शांति हो, तो जीवन अच्छा चलता है। गणपति बप्पा का नाम, उनकी उपस्थिति और उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे दिल, दिमाग और आत्मा में रहे, यही मेरी सदैव प्रार्थना है।




# ओटीटी पर रिलीज हुई हॉरर फिल्म द डोर

**नई दिल्ली।** द डोर एक तमिल हॉरर थ्रिलर है जो ओटीटी पर दस्तक देने से पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बड़े पर्दे पर 28 मार्च को आई थी और अब करीब 5 महीने बाद इसने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी है। जयदेव के निर्देशन में बनी द डोर को दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया थी। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था, लेकिन इसके ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था जो आखिरकार खत्म हुआ। भावना, कपिल वेलावन, गणेश वेंकटरमन, श्रीरंजिनी और जयप्रकाश जैसे कलाकारों से सजी द डोर को अगर आपने अभी तक नहीं देखी है तो कोई बात नहीं,क्योंकि अब यह ओटीटी पर आ गई है। डोर एक सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर हॉरर मूवी है।

टीवी मसाला



# तान्या मित्तल को किया टारगेट लगाए आरोप, हुईं इमोशनल

**नई दिल्ली।** पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने शुरुआती हफ्ते में ही काफी रोमांचक हो गया है। आए दिन कंटेस्टेंट के बीच गहमागहमी बढ़ती जा रही है। अब शो ने एक प्रोमो लॉन्च किया है, जिसमें प्रतियोगी तान्या मित्तल पर भड़कते नजर आ रहे हैं और उनपर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। आइए देखें कंटेस्टेंट्स ने क्या कहा। नए प्रोमो में बिग बॉस 19 के होस्ट सलमान खान ने कंटेस्टेंट से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि अशनूर कौर और तान्या मित्तल में कौन अपने आप को सबसे ज्यादा सुपीरियर बताता है। इसके जवाब में प्रतियोगियों ने कहा कि उन्हें लगता है कि तान्या मित्तल अपने आप को ज्यादा बेहतर समझती हैं। वहीं यूट्यूबर कुनिका सदानंद ने कहा कि तान्या मित्तल को लगता है कि वो बहुत संघर्ष करके यहां तक पहुंची हैं। ज्यादातर कंटेस्टेंट तान्या मित्तल को टारगेट करते दिख रहे हैं। शनिवार को वीकएंड का वार देखने को मिला, जिसमें किसी को एलिमिनेट तो नहीं किया गया, लेकिन गौरव खन्ना के रिश्ते अशनूर और कुनिका से खराब होते हुए दिखे। सलमान खान के जाने के बाद अशनूर और गौरव के बीच बहस देखने को मिली। अब आज रविवार का दिन काफी रोमांचक हो सकता है। सलमान खान रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन को होस्ट कर रहे हैं। प्रतियोगियों की बात करें, तो इनमें अश्नूर कौर, जीशान कादरी, तान्या मित्तल, नगमा मिराजकर, अवेज दरबार, नेहल चुडासमा, अभिषेक बजाज, बसीर अली, गौरव खन्ना, नतालिया जानोसजेक, प्रणित मोरे, फरहाना भट्ट, नीलम गिरी, कुनिका सुदानंद, अमाल मलिक और मृदुल तिवारी जैसे नाम शामिल हैं।

## इंडस्ट्री के बड़े लोग क्रू मेंबर्स का करते हैं अपमान

**नई दिल्ली।** टीवीएफ स्टार नवीन कस्तूरिया ने बॉलीवुड को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि किस तरह से इंडस्ट्री के सीनियर लोग क्रू मेंबर्स और बाकी लोगों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। हाल ही में जियो हॉटस्टार की सीरीज सलाकार में नजर आए अभिनेता नवीन कस्तूरिया अब ओटीटी की दुनिया का एक जाना-पहचाना नाम हैं। इस दौरान नवीन ने कई बॉलीवुड स्टार्स और सीनियर लोगों के साथ भी काम किया है और उन्हें सेट पर देखा है। अब नवीन ने इंडस्ट्री में बड़े पदों पर बैठे कुछ सीनियर लोगों के बारे में बात की और बताया कि किस तरह से ये सीनियर लोग सेट पर क्रू मेंबर्स के साथ व्यवहार करते हैं। नवीन ने बॉलीवुड में हेरारिकी को लेकर महत्व दिए जाने पर बात की। उन्होंने कहा, कभी-कभी फिल्म सेट पर इंडस्ट्री में बहुत ऊंचे पद पर बैठा व्यक्ति क्रू मेंबर्स से बहुत अपमानजनक तरीके से बात करता है। मुझे लगता है कि भारत में यह एक समस्या है। कई बार अगर आप मुंबई में देखें, तो जब आप किसी सोसाइटी में जाते हैं तो गार्ड खड़ा हो जाता है। यह कैसी संस्कृति है?



# इस एक्ट्रेस की ठीक वैसे ही हुई मौत जैसी आखिरी फिल्म में गई थी दिखाई

**मुंबई।** यह एक्ट्रेस साउथ फिल्मों की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में शुमार थी। बहुत ही कम उम्र में इसने अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली थी। सिर्फ छह साल के करियर में इसने 25 फिल्में कर ली थीं और इसे साउथ की अगली सुपरस्टार माना जा रहा था। मात्र 15 साल की उम्र में ही इस एक्ट्रेस ने नेशनल अवॉर्ड भी जीत लिया था और कई बड़े एक्टर्स-डायरेक्टर्स संग काम किया...पर किसी ने सोचा भी नहीं था कि जरा सी उम्र में इसकी मौत हो जाएगी। करियर से लेकर निजी जिंदगी के लिए हसीन सपने देखने वाली इस एक्ट्रेस की 21 साल की उम्र में बेहद दर्दनाक मौत हुई। बताया जाता है कि मौत वैसी थी, जैसी इस एक्ट्रेस की आखिरी फिल्म में दिखाई गई थी। इस एक्ट्रेस ने 14 साल की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया था। इसका मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा नाम था। इसकी मां जानी-मानी डांसर श्रीदेवी उन्नी हैं, जो मोहिनीअट्टम डांस में पारंगत हैं और मलयालम सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस भी हैं। वहीं पिता एक बिजनेसमैन रहे हैं।

### 15 की उम्र में नेशनल अवॉर्ड

जिस एक्ट्रेस की यहां बात हो रही है, उसका नाम है मोनिशा उन्नी। मोनिशा ने जहां 5 साल की उम्र से डांस सीखना शुरू कर दिया था, वहीं 14 साल की उम्र में शॉर्ट फिल्म 'भव्या' में काम किया था। इस फिल्म में मोनिशा की एक्टिंग देख डायरेक्टर एम.टी. वासुदेवन नायर ने उन्हें अपनी क्लासिक फिल्म 'नक्काक्षथंगल' में साइन कर लिया। इस फिल्म के लिए मोनिशा को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। तब वह सिर्फ 15 साल की थीं और नेशनल अवॉर्ड पाने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बनीं।

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में बड़े डायरेक्टर्स संग काम

इसके बाद मोनिशा उन्नी ने बैक-टू-बैक कई फिल्में कीं, जो हिट रहीं। उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। प्रियदर्शन से लेकर हरिहरन और कमल तक, कई बड़े डायरेक्टर्स ने मोनिशा उन्नी को अपनी फिल्मों में लिया। मोनिशा को आज भी आर्यन, अधिपन, कुरुप्पिन्टे कनक्कु पुस्ताकोम, पेरुमथाचन और कदावु जैसी फिल्मों के लिए याद किया जाता है। मोनिशा ने तमिल सिनेमा में भी अपनी धाक जमा ली थी।



### अगली सुपरस्टार मानी जा रही थीं

मोनिशा उन्नी फीमेल सुपरस्टार बनने की राह पर निकल चुकी थीं। बहुत से मेकर्स उन्हें नई सुपरस्टार मानने भी लगे थे, पर उसी दौरान उन पर मौत ने झपट्टा मार दिया। साल 1992 में मोनिशा उन्नी की एक कार एक्सीडेंट में भयानक मौत हो गई। वह उस समय 22 साल की थीं। उस वक्त मोनिशा मलयालम फिल्म चेप्पादिविद्या में काम कर रही थीं। मोनिशा कार में मां के साथ थीं और वह केरल में बस से टकरा गईं। बताया जाता है कि मोनिशा उन्नी कार में पिछली सीट पर सोई हुई थीं। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक्ट्रेस को मृत घोषित कर दिया। मोनिशा की मौत को लेकर जो बात सबसे ज्यादा चौंकाने वाली थी और भयावह थी, वो यह कि उनकी मौत वैसे ही हुई, जैसे उनकी एक फिल्म में दिखाया गया।

# एकता ने लाल बाग के राजा के किए दर्शन, टेका माथा, ली फोटो

**मुंबई।** लालबाग का राजा (लाल बागचा राजा) मुंबई का सबसे ज्यादा फेमस पब्लिक गणेश मंडल है। इन्हें 'मन्नतों का राजा' भी कहा जाता है। यहां फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने सेलेब्स, वीआईपी भी दर्शन करने आते हैं। पर आम जनता और वीआईपी-सेलेब्स के दर्शन में जमीन-आसमान का अंतर होता है। जहां आम जनता को एक सेकेंड भी रुककर बप्पा को निहारने का वक्त नहीं मिलता, ऊपर से ऐसा लगता कि धक्के मारकर वहां से हटाया जाता है, वहीं वीआईपी और सेलेब्स आराम से ना सिर्फ दर्शन करते हैं, बल्कि फोटो भी खिंचवाते हैं। वहां के पंडित-पुजारी भी उन्हें फूल-माला और प्रसाद भेंट में देते हैं। पहले भी वीआईपी कल्चर को लेकर सवाल उठे थे, अब एक वीडियो वायरल हो रहा है। ये वीडियो एकता कपूर का है। एक यूजर ने कहा, 'वाह, इसको धक्का नहीं मारा। पैसे का कमाल। भगवान के दर्शन में भेदभाव।' वीडियो में देख सकते हैं कि एक आम जनता के दर्शन की लाइन लगी है, जिसमें वहां पर मौजूद गाड़र्स लोगों को पलभर भी रुकने का समय नहीं देते हैं। ये भी कहा जाता है कि आम जनता के साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता है। दूसरी तरफ एकता कपूर भी लाल बागचा राजा के दर्शन कर रही हैं, उनके लिए आम जनता को हटाकर साइड कर दिया जाता है। एकता आराम से दर्शन करती हैं। बप्पा के चरणों में अपने प्रोजेक्ट्स और सीडी भेंट करती हैं। आराम से उनकी फोटो खींचती हैं। वहां मौजूद लोग भी उनके साथ फोटोज खिंचवाते हैं। इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं। एक ने लिखा, 'रिएलिटी जानने के बाद भी लोग वहां क्यों जाते हैं। प्लीज आपके मंदिर में जो गणपति घर पर हैं, उनकी पूजा करें। इतना ही काफी होगा।' दूसरे ने कहा, 'धंधा बना दिया है यार एकदम।' एक और ने लिखा, 'बायकॉट'। कुछ लोग मैनेजमेंट को 'बेशर्म' बोल रहे।



## कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी निभाई अहम भूमिका

# रामानंद सागर की धरोहर को प्रेम सागर ने बढ़ाया आगे

*मुंबई। 90 के दशक में कई शानदार सीरियल और मुख्यत: रामायण का निर्माण करने वाले डायरेक्टर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधन हो गया। प्रेम सागर ने भी मनोरंजन की दुनिया में शानदार काम किया था और अपने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाने का काम किया था। जब-जब बात रामायण की होती है, तो सबसे पहले रामानंद सागर की 'रामायण' ही याद आती है। वही रामायण, जिसकी हर शाम देश की गलियां सूनी हो जाती थीं। अब जब नितेश तिवारी अपनी फिल्म रामायण लेकर आ रहे हैं, तो सबकी नजर इस पर है। हाल ही में जब फिल्म का पहला टीजर रिलीज हुआ तो लोगों में इसकी चर्चा भी छिड़ी। जब इस टीजर पर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर से बात की थी तो उन्होंने बड़ी साफ और सधी हुई बात कही।*



### एफटीआईआई से की पढ़ाई

प्रेम सागर ने 84 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। प्रेम सागर एक वरिष्ठ निर्माता और जाने-माने फोटोग्राफर थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा और टेलीविजन में सागर परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया। उन्होंने शुरुआती शिक्षा ग्रहण करने के बाद भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से फोटग्राफी और सिनेमैटोग्राफी की ट्रेनिंग ली, जिसने उनकी कला को निखारने का काम किया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता द्वारा स्थापित प्रोडक्शन हाउस, सागर आर्ट्स, के तहत कई परियोजनाओं के दृश्यों की बारीकियों पर काम किया। रामानंद सागर के पॉपुलर टीवी शो 'रामायण' के निर्माण में अनोखे योगदान के लिए भी उन्हें सबसे अधिक याद किया जाता था।

### मैं क्रिटिक नहीं रामभक्त हूं

प्रेम सागर ने खुद को न क्रिटिक बताया, न सिर्फ ऑडियंस। उन्होंने कहा, 'मैं रामभक्त हूं। अगर कोई राम का नाम ले रहा है, राम की बात फैला रहा है, तो उसे मेरा नमस्कार है। राम का प्रचार किसी भी रूप में हो, उसका स्वागत होना चाहिए।'

### अगर राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी कल्पना है

उनका मानना है कि आज की पीढ़ी ग्राफिक्स और विजुअल इफेक्ट्स से जुड़ती है, तो अगर राम का नाम इन नए रास्तों से युवाओं तक पहुंच रहा है, तो ये बुरा नहीं, अच्छा है। उन्होंने कहा, 'अगर किसी की कल्पना में राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी सोच है। हर कलाकार को अपनी बात कहने की आजादी होनी चाहिए। आखिर में जनता ही तय करती है कि क्या ठीक है और क्या नहीं।'

### हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है

प्रेम सागर ने कहा, 'हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है। अगर कोई डायरेक्टर अपनी सोच से रामायण बना रहा है, तो हमें उसे फौरन सही या गलत नहीं कहना चाहिए। हमें उसे एक कोशिश की तरह देखना चाहिए।

### फिल्मों में दिया योगदान

प्रेम सागर ने फिल्मों में भी अपनी टैलेंट को प्रदर्शित किया था। वो साल 1968 में आई आंखें फिल्म में इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट में थे, तो वहीं 1976 में रिलीज हुई चरस में बतौर सिनेमैटोग्राफर शामिल थे।

### टेलीविजन में भी अहम भूमिका

प्रेम सागर के पिता रामानंद सागर ने रामायण सीरियल बनाकर इतिहास रचा। प्रेम सागर ने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाया और वे सागर आर्ट्स प्रोडक्शन हाउस का महत्वपूर्ण हिस्सा बने और उन्होंने जय गंगा मैया, अलिफ लैला, विष्णु पुराण, हनुमान, जय महालक्ष्मी जैसे धारावाहिकों में सिर्फ पर्दे के पीछे रहकर कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी अहम भूमिका निभाई।

### आदिपुरुष ने रावण को जिस तरह दिखाया, वो गलत था

हालांकि, इस दौरान प्रेम सागर का कहना था कि क्रिएटिव लिबर्टी का मतलब ये नहीं कि धार्मिक किरदारों की जड़ें ही हिला दी जाएं। आदिपुरुष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आदिपुरुष में रावण को जिस तरह दिखाया गया, वो ठीक नहीं था। रावण कोई मांस खाने वाला या चिल्लाने वाला राक्षस नहीं था। वो एक बड़ा विद्वान और शिवभक्त ब्राह्मण था। राम ने खुद उसे यज्ञ कराने के लिए बुलाया था। रामेश्वरम की पूजा उसी की मिसाल है। जब आप ऐसे महान पात्रों को गलत तरह से दिखाते हैं, तो जनता उसे नकार देती है। आदिपुरुष इसका उदाहरण है।